दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 339
कोटद्वार शनिवार
22 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली केदारनाथ धाम के लिए रवाना



बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली को गद्दी स्थल ऊखीमठ से ले जाते हुए भक्त।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग** : ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ की उत्सव डोली गद्दी स्थल ऊखीमठ से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो गई है। ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में परंपरानुसार पूजा-अर्चना के बाद डोली ने पहले रात्रि पड़ाव विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान कर लिया है। पूजा-अर्चना के बाद डोली के साथ बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में पैदल यात्रा के लिए प्रस्थान किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्सव डोली 22 अप्रैल को फाटा, 23 को गौरीकुंड तथा 24 अप्रैल को श्री केदारनाथ धाम पहुंचेगी। 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजकर 20 मिनट पर बाबा केदार के कपाट भक्तों के लिए दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सरकार का संकल्प प्रत्येक श्रद्धालु को कराएंगे चार धाम के दर्शन : मुख्यमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आईएसबीटी, ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित "ऋषिकेश से चारधाम यात्रा-2023" के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चार धाम जा रहे श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत कर यात्रा हेतु श्रद्धालुओं से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक श्रद्धालु को चार धाम के दर्शन कराएंगे। चार धामों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। कहा कि राज्य के उत्सव है चार धाम यात्रा। स्वर्णिम यादों को लेकर जाएंगें श्रद्धालु।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा हेतु आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि बाबा केदार, बद्रीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमनोत्री से प्रार्थना करता हूं कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चारधाम यात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सकुशल संपन्न हो। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी। राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। सरकार का प्रयास रहेगा कि जो भी श्रद्धालु, यात्रा खत्म होने के उपरांत अपने घर लौटे वह देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों को साथ लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा उत्तराखंड राज्य के लिए एक उत्सव है। देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। इससे राज्य में रोजगार के कई अवसर पैदा होते हैं। इस वर्ष अभी तक 16 लाख लोगों द्वारा यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुरक्षित शत प्रतिशत हो। 2022 में यात्रा खत्म होते ही सरकार 2023 की यात्रा की तैयारियों में जुट गई थी। चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं पर भगवान की विशेष कृपा होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि जब श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आएं तो उन्हें हर सुख

**◆राज्य के लिए उत्सव है चार धाम यात्रा, चार धामों पर हेलीकॉप्टर से होगी पुष्पवर्षा**
**◆स्वर्णिम यादों को साथ लेकर जाएंगे श्रद्धालु**

सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे भविष्य में बार-बार उत्तराखंड आने का मन बनाएं, जिससे हमारे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सके। इस बार सरकार की तरफ से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत में "हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा" करने का भी निर्णय लिया गया है। हंस फाउंडेशन की संरक्षक माता मंगला ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार से समन्वय बनाकर हंस फाउंडेशन द्वारा चार धाम के प्रत्येक पड़ाव में विभिन्न प्रकार के सेवा कैंप लगाए गए हैं। चार धामों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार विभिन्न स्थानों पर हंस फाउंडेशन के सेवकों की तैनाती की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह भी किया। इस दौरान हंस फाउंडेशन के संस्थापक भोले जी महाराज, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, मेयर अनिता ममगाई, संजय शास्त्री, मनोज ध्यानी, जितेंद्र सिंह, विभिन्न राज्यों से चार धाम हेतु आए श्रद्धालु एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी ऋषिकेश में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## सीएम धामी ने दी ईद–उल–फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ईद–उल–फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषतौर पर राज्य के मुस्लिम नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि ईद–उल–फितर खुशियों और सौहार्द्र का संदेश देने के साथ ही सामाजिक एकता को मजबूत करने और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देता है।

## मानव वन्य जीव संघर्ष को लेकर याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार को लगाई फटकार

**नैनीताल** । मानव वन्य जीव संघर्ष को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई और कहा कि या तो आदेशों का अनुपालन करें या फिर प्रमुख सचिव वन कोर्ट में उपस्थित हों।

बता दें कि देहरादून निवासी अनु पंत की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष में निष्क्रिय रहने पर गंभीर टिपणी की। खंडपीठ की अगुवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायाधीश अलोक वर्मा ने की।

उन्होंने अपने हाल ही के आदेश में यह बात स्पष्ट की थी कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम करने के लिए दिए गए पूर्व दिशा निर्देशों पर सरकार ने कोई कार्यवाई नहीं की है। बता दें कि नवंबर 2022 में जब इस मामले की सुनवाई हुई थी तब हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव वन को दिशा निर्देश दिए थे कि मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए विशेषज्ञों की समिति गठित करें, जिनको जमीनी हकीकत और असल में धरातल पर काम करने का तजुर्बा हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि प्रमुख वन संरक्षक विनोद सिंघल की ओर से दाखिल शपथपत्र में केवल कागजी कार्रवाई का उल्लेख था और धरातल पर स्थिति सुधारने के लिए किस तरीके से मानव वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सकता है, इसकी कोई रुपरेखा नहीं थी। दोबारा जब मामले की सुनवाई हुई तब सरकार की ओर से खुद ही हाईकोर्ट को यह बताया गया कि कोर्ट के पूर्व के इस आदेश की अनुपालना नहीं हुई है ।

जिसमे समिति गठित करने के लिए कहा गया था।

## चारधाम में सीमित संख्या में दर्शन करने की बाध्यता खत्म

**देहरादून।** चार धाम यात्रा को लेकर सरकार ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया। चारों धामों में प्रतिदिन दर्शन करने और पंजीकरण कराने की सीमित संख्या की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब चारों धामों में श्रद्धालुओं के दर्शन करने की कोई सीमित संख्या नहीं है। किसी भी संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री राधा रतूड़ी की ओर से विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश में एसीएस ने कहा की धामों में श्रद्धालुओं के सीमित संख्या में दर्शन करने के आदेश को वापस ले लिया गया है। इस आदेश के बाद अब चारों धामों किसी भी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन कर सकेंगे। पंजीकरण को लेकर भी सीमित संख्या की कोई बाध्यता अब नहीं रहेगी।चारों धामों में श्रद्धालुओं के सीमित संख्या में दर्शन और पंजीकरण का तीर्थ पुरोहित, होटल कारोबारी लगातार विरोध कर रहे थे। इसे लेकर सीएम से भी कई बार मुलाकात कर पूर्व में हुए आदेश को संशोधित करने की मांग की जा रही थी।

# क्या जेल जाएंगे राहुल गांधी?

## सजा के खिलाफ अब तक हाईकोर्ट में नहीं दायर हुई याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'मोदी सरनेम' वाले बयान से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक के बाद एक झटका लग रहा है। निचली अदालत से दोषी ठहराए जाने के खिलाफ राहुल ने सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की थी, जो गुरुवार को खारिज हो गई।

कहा जा रहा था कि इस फैसले के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जाएगी, लेकिन अब तक याचिका दायर नहीं की गई है। अब अगले दो दिन कोर्ट बंद रहेगा। इसी बीच, निचली अदालत की तरफ से दिया गया एक महीने का मोहलत भी खत्म हो जाएगा।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या अब राहुल गांधी जेल जाएंगे? आखिर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करना क्या चाहते हैं? दिग्गज वकीलों वाली कांग्रेस ने राहुल के लिए ऐसा रुख क्यों अपना रखा है? इसे समझने के लिए हमने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से बात की। उन्होंने कहा, 'अभी राहुल गांधी की गिरफ्तारी और जेल जाने का कोई मसला नहीं है। 23 मार्च को मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाने के साथ ही 30 दिन की




जमानत दी गई थी। इन्हीं 30 दिनों के अंदर राहुल को ऊपरी अदालत में अपील करना था। ये समय सीमा आज से दो दिन बाद यानी 23 अप्रैल को खत्म हो रही है।

हालांकि, इसके पहले तीन अप्रैल को सूरत के सेशन कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ तीन अपील दायर की गई थी। मुख्य याचिका में उखट कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। दूसरी याचिका में दो साल की सजा पर रोक की मांग की गई। तीन अप्रैल को कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार करते हुए राहुल को अंतरिम जमानत दे दी थी।

तीसरी याचिका में दोषी ठहराए जाने पर रोक यानी कन्विक्शन पर स्टे की मांग की गई थी। गुरुवार 20 अप्रैल को सूरत की सेशन कोर्ट ने ये याचिका खारिज कर दी। मतलब अभी तीन मई तक राहुल पर कोई खतरा नहीं है। इस बीच, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।'

सूरत की सीजेएम कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। इसके अगले ही दिन उनकी संसद सदस्यता चली गई। देशभर में कांग्रेस नेताओं ने इसको लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी दलों को एकजुट किया, लेकिन उस दौरान राहुल ने कोर्ट के फैसले को सेशंस कोर्ट में चुनौती नहीं दी।

11वें दिन वह सेशंस कोर्ट पहुंचे। तब उन्होंने तीन याचिकाएं दायर की। उसी दौरान उन्हें अंतरिम जमानत तो मिल गई, लेकिन दोषी ठहराए जाने के खिलाफ दायर याचिका को 20 अप्रैल को कोर्ट ने खारिज कर दिया। आज इसके खिलाफ राहुल हाईकोर्ट जाने वाले थे, लेकिन अब तक याचिका नहीं दायर हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस पार्टी में देश के बड़े–बड़े अधिवक्ता हैं, वो अपने नेता के बचाव में तुरंत क्यों नहीं ऊपरी अदालतों का रुख कर रही है?

इसे समझने के लिए हमने राजनीतिक विश्लेषक प्रो. अजय कुमार सिंह से बात की। उन्होंने कहा, 'ये तो साफ दिख रहा है कि कांग्रेस इस मामले में धीमी गति से फैसले ले रही है। ऐसे में संभव है कि कांग्रेस खुद इस मामले को लंबा चलाना चाहती हो ताकि इसका फायदा उसे चुनावों में मिल सके। वह लोगों को यह बताना चाहती है कि चूंकि राहुल गांधी ने सरकार के खिलाफ आवाज उठाई थी, इसलिए उनके खिलाफ इस तरह का षडयंत्र चल रहा है। कांग्रेस को इसका फायदा हो या न हो, लेकिन विपक्ष जरूर इसके जरिए सरकार को घेरने की कोशिश करेगा। इसी का हवाला देकर कांग्रेस 2024 के लिए सभी विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश में जुटी हो।'


सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय कहते हैं, 'इस मामले में अभी समय लग सकता है। ये भी साफ नहीं है कि फिलहाल राहुल की संसद सदस्यता वापस आ जाएगी या नहीं। संसद की सदस्यता राहुल को तभी वापस मिल सकती है, अगर ऊपरी अदालत से उनकी सजा पर रोक लग जाए या निचली अदालत का फैसला रद्द हो जाए।'अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय बताते हैं कि राहुल गांधी की तरफ से हाईकोर्ट में दो आवेदन दिए जा सकते हैं। इसमें वह सजा पर रोक यानी स्टे की मांग के साथ–साथ दोषसिद्धि पर रोक यानी कन्विक्शन पर स्टे की अपील कर सकते हैं। राहुल गांधी को फिलहाल अंतरिम जमानत मिली है। ऐसे में वह स्थायी जमानत और सजा कम कराने के लिए हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं।

## केदारनाथ: 25 को खुलेंगे कपाट

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल को खुलने जा रह हैं। इससे पहले रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण–लोनिवि की ओर से लिनचोली से केदारनाथ के बीच भैरव गदेरा हिमखंड जोन से बर्फ हटाकर रास्ते को आवाजाही लायक खोला गया है, लेकिन यहां खतरा बना हुआ है। क्षेत्र में हो रही बर्फबारी से पैदल मार्ग पर पांच किमी हिस्से की स्थिति काफी दयनीय बनी है। टीएफटी चट्टी, भैरव गदेरा, हथनी गदेरा सहित अन्य हिमखंड जोन में ऊपरी तरफ से टनों बर्फ खिसकर नीचे रास्ते पर आ रही है।

शुक्रवार को दोपहर बाद लगभग सवा 12 बजे से केदारनाथ में तेज बर्फबारी शुरू हो हुई जो लगभग दो घंटे तक होती रही। बर्फबारी के कारण हेलीपैड से बर्फ हटाने का काम रोकना पड़ा। इससे पूर्व बृहस्पतिवार रात को भी केदारनाथ में जमकर बर्फबारी हुई। धाम में मौजूद अजय पुष्पवाण ने बताया कि पिछले तीन दिनों से मौसम बीते दिनों की अपेक्षा ज्यादा खराब हुआ है। यात्रा से जुड़े काम शुरू नहीं हो पा रहे हैं।

धाम में बर्फबारी से गढ़वाल मंडल विकास निगम की टेंट



कॉलोनी क्षतिग्रस्त हो गई है। यहां 150 से अधिक टेंट लगाए थे जिसमें दो हजार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था थी लेकिन यहां दो फीट से अधिक बर्फ गिरने से ज्यादातर टेंट क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

साथ ही निजी आवासीय व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी खराब मौसम के कारण उचित व्यवस्था नहीं हो पाई है। धाम में आए दिन हो रही बर्फबारी से यात्रा तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। बीते बृहस्पतिवार को केदारनाथ क्षेत्र में हुई बर्फबारी व आंधी से जीएमवीएन की 150 टेंटों की कॉलोनी को नुकसान हुआ है।

साथ ही पैदल मार्ग पर बिजली व पानी की लाइनों को क्षति पहुंची थी जिसे ठीक कर दिया है। मौसम की बेरुखी के कारण यात्रा तैयारियां व्यापक रूप से प्रभावित हो रही हैं। धाम में अभी तक अस्थायी शौचालय, टेंट कॉलोनी सहित बेरिकेडिंग से जुड़े कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं।

# 50 बसों में दो हजार यात्री चारधाम के लिए हुए रवाना

**ऋषिकेश।** विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का ऋषिकेश से श्रीगणेश हो गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को चारधाम के लिए रवाना किया। पहले दिन पचास बसों में करीब दो हजार यात्री चारधाम गए। करीब 16 हजार यात्री चारधाम जाने को पंजीकरण करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा पूरी तरह से सुरक्षित है। सरकार तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शुक्रवार को संयुक्त यात्रा बस अड्डा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी, वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, वनमंत्री सुबोध उनियाल, परिवहन मंत्री चंदनराम दास, मेयर अनिता ममगाईं ने



यात्रियों से भरी बसों को हरी झंडी दिखाकर चारधाम के लिए रवाना किया। सीएम ने कहा कि बाबा केदार, बद्रीविशाल, मां गंगोत्री और मां यमुनोत्री से प्रार्थना करता हूं कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चारधाम यात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से संपन्न हो। हमें पूर्ण विश्वास है की इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी। राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि जो भी श्रद्धालु यात्रा पूरी होने के उपरांत अपने घर लौटें वह देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों को साथ लेकर जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड राज्य के लिए एक उत्सव है। देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। इससे राज्य में रोजगार के कई अवसर पैदा होते हैं। इस वर्ष अभी तक 16 लाख लोगों द्वारा यात्रा हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया गया है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक श्रद्धालुओं की यात्रा शत प्रतिशत सुरक्षित हो। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इस वर्ष से श्रद्धालुओं को बद्रीनाथ धाम में भी मास्टर प्लान के कार्य दिखेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम ने हेमकुंड साहिब एवं गौरीकुंड से केदारनाथ तक के लिए रोप–वे का शिलान्यास कर दिया है। इससे आने वाले समय में यात्रा और ज्यादा सुगम होगी। ऑल वेदर रोड के निर्माण से पहले के मुकाबले आज यात्री बेहद कम समय में ऋषिकेश से चारधाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की चिंता करना सरकार का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति श्रद्धालुओं को यात्रा संपन्न कराने में अपना सहयोग प्रदान करती है जो कि अत्यधिक सराहनीय है। उनका प्रयास है कि जब श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आएं तो उन्हें हर सुख सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे भविष्य में बार–बार उत्तराखंड आने का मन बनाएं। चारधाम यात्रा में लगे सफाई कर्मचारियों से लेकर सुरक्षा में तैनात रहने वाले प्रत्येक पुलिस के जवान और प्रशासनिक अधिकारी से अपील करते हुए कहा कि हम सभी अपने स्तर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करें। जिससे यात्रा में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। आपसी सहयोग और भगवान के आशीर्वाद से हम सभी इस बार की यात्रा को भी सुरक्षित संपन्न कराने में सफल रहेंगे।

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु हमारे परिवार समान हैं। आप सबकी सुगम यात्रा हो यह हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निकाय पालिका में रेन बसेरा एवं शौचालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वह जहां भी विश्राम करें एवं भोजन करें वहां से बिल अवश्य लें। साथ ही स्थानीय उत्पादों कि अधिक से अधिक खरीदारी करें। हंस फाउंडेशन की संरक्षक माता मंगला ने कहा कि इस वर्ष राज्य सरकार से समन्वय बनाकर हंस फाउंडेशन द्वारा चारधाम के प्रत्येक पड़ाव में विभिन्न प्रकार के सेवा कैंप लगाए गए हैं। चार धामों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार विभिन्न स्थानों पर हंस फाउंडेशन के सेवकों की तैनाती की गई है। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह भी किया।

इस दौरान हंस फाउण्डेशन के संस्थापक भोलेजी महाराज, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास, मेयर अनिता ममगाई, गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार, आईजी एनएस नपल्चयाल, एसडीएम सौरभ असवाल, सीओ संदीप नेगी, आरटीओ सुनील शर्मा, एआरटीओ पर्वतन मोहित कोठारी, संयुक्त रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज ध्यानी, टीजीएमओ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, जीएमओ अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, रूपकुंड के अध्यक्ष भोपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, पूर्व रोटेशन अध्यक्ष जगमोहन सकलानी, पूर्व रोटेशन अध्यक्ष सुधीर राय, पूर्व पालिकाध्यक्ष दीप शर्मा, यातायात उपाध्यक्ष नवीन रमोला, ट्रक यूनियन अध्यक्ष दिनेश बहुगुणा, मदनमोहन शर्मा, देवेन्द्र नेगी, मंडी अध्यक्ष विनोद कुकरेती, प्यारेलाल जुगरान,सचिव यातायात यशपाल भंडारी समेत विभिन्न राज्यों के आए चारधाम यात्री समेत अन्य मौजूद थे।

# हर हर शंभु फेम भजन गायिका अभिलिप्सा पांडा ने की मुख्यमंत्री धामी से भेंट





### कपाट खुलने के अवसर पर 25 को केदारनाथ तथा 27 को बद्रीनाथ में देगी भजन प्रस्तुति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित कैम्प कार्यालय में हर हर शंभु फेम भजन गायिका अभिलिप्सा पांडा ने भेंट की। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अजेन्द्र अजय तथा भजन गायिका अभिलिप्सा के माता पिता भी मैजूद थे। मुख्यमंत्री ने अभिलिप्सा पांडा को शुभकामनायें देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मनमोहक गायिकी के द्वारा संगीत जगत में अपनी पहचान बनायी है जो युवाओं के लिये भी प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामाना करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा का अक्षय तृतीया से शुभारम्भ हो रहा है। भगवान केदारनाथ तथा श्री बद्रीनाथ के कपाट खुलने के अवसर पर अभिलिप्सा के भजन गायिकी कार्यक्रम को उन्होंने चारधाम यात्रा के लिये भी सुखद बताया। अभिलिप्सा ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें संगीत शिक्षा विरासत में मिली है तथा बचपन से ही उनकी शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य में अभिरूचि रही है। श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने भी सुश्री अभिलिप्सा पांडा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जांच अधिकारी नामित

देहरादून। मसूरी में शेरगढ़ी आई0टी0बी0पी0 गेट के नीचे 02अप्रैल 2023 को रोडवेज बस सं0 यू0के0– 07पीए–4158 दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें कुल 40 व्यक्ति सवार थे। उक्त कुल 40 व्यक्तियों में से 02 की मृत्यु हो गई थी,

उक्त घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने उप जिलाधिकारी मसूरी को जांच अधिकारी नामित किया है।

उप जिलाधिकारी मसूरी नन्दन कुमार ने अवगत कराया है कि 02 अप्रैल .2023 को मसूरी देहरादून मुख्य मार्ग पर शेरगढ़ी आई0टी0बी0पी0 गेट के नीचे रोडवेज बस सं0 यू0के0–07पीए–4158 दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें कुल 40 व्यक्ति सवार थे। उक्त कुल 40 व्यक्तियों में से 02 की मृत्यु हो चुकी है। उक्त वाहन दुर्घटना की अधोहस्ताक्षरी द्वारा मैजिस्ट्रीयल जॉच की जा रही है। उक्त वाहन दुर्घटना के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति विशेष को किसी प्रकार की जानकारी हो अथवा अन्य किसी भी प्रकार से कोई सूचना देना चाहता है तो वह 29 अप्रैल 2023 तक कार्यालय उप जिलाधिकारी, मसूरी में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य/बयान प्रस्तुत कर सकता है।

### लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी

देहरादून। जौलीग्रांट से ऋषिकेश तक के सड़क निर्माण/सुधारीकरण कार्यों में लापरवाही/देरी पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश द्वारा लोनिवि के अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार के विरुद्ध रानीपोखरी थाने में तहरीर दी गई थी।

## चारधाम यात्रा शुरू होते ही लगा जाम




ऋषिकेश। इंपुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद वाहन सवारों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। यात्रा के पहले दिन ही हरिद्वार बाईपास मार्ग पर इंद्रमणि बड़ोनी चौक पर शुक्रवार को भी वाहन सवारों को जाम का झाम झेलना पड़ा। श्यामपुर में भी रेलवे फाटक और पुलिस चौकी के पास वाहन रेंग–रेंगकर गुजरते दिखे। बावजूद, ट्रैफिक को नियंत्रित रखने में पुलिस नाकाम दिखी। डीजीपी अशोक कुमार की ओर से शुक्रवार से रविवार को वीकेंड ट्रैफिक प्लान लागू के बाद भी यातायात की स्थिति नहीं सुधर रही है। एक बार फिर शहर में इंद्रमणि बड़ोनी चौक पर दिनभर जाम के हालात नजर आए। भीषण गरमी में वाहन सवार जाम के झाम में फंसकर पसीना बहाते दिखे। ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए पुलिसकर्मी कोशिश करते जरूर दिखे, लेकिन फिर भी स्थिति नहीं सुधरी। कुछ ऐसा ही हाल सुबह के वक्त श्यामपुर में रेलवे फाटक और पुलिस चौकी के पास भी नजर आया। खास बात यह है कि अभी चारधाम यात्रा शुरू ही हुई है और स्कूलों की छुट्टियां होने के बाद गरमियों में भारी तादाद में राफ्टिंग–कैंपिंग और सैर–सपाटे के लिए पर्यटक पहुंचेंगे। अभी हल्की भीड़ में शहर और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक का यह हाल है, तो व्यवस्था नहीं सुधरने पर जाम की समस्या आगे और ज्यादा विकराल होगी। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि पुलिस यातायात को सुव्यवस्थित रखने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। जल्द अतिरिक्त फोर्स यात्रा के लिए मिलने वाला है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होने की संभावना है।

### पांच पेटी शराब समेत युवक गिरफ्तार

ऋषिकेश। नशा तस्करी में संलिप्त एक युवक को पुलिस ने अंग्रेजी शराब की पांच पेटी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की कार की तलाशी में यह शराब बरामद की है। आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर तस्करी में प्रयुक्त कार को पुलिस ने सीज कर दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार सवार शख्स शराब की खेप लेकर शहर आ रहा है।

पुलिस ने शहर के नाकों और आंतरिक मार्गो पर वाहन चेकिंग शुरू की। इसी बीच वीरभद्र मार्ग एक कार सवार पर शक होने पर पुलिसकर्मियों ने उसे रूकने का इशारा किया।

## धूमधाम से निकली भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा



देहरादून। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आज वैदिक ब्राह्मण सभा द्वारा प्रकाश नगर स्तीथ श्रीराम, परशुराम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्व वर्षो की भांति शोभा यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों से होती हुई वापिस परशुराम मंदिर में आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड, सचल वेदपाठ की झांकी, भगवान परशुराम की झांकी तथा ब्राह्मण समाज महासंघ की ओर से भगवान श्री राम दरबार की झांकी प्रमुख थी। नगर के बाजार को तोरण द्वारों से सजाया गया था। नगर के व्यापारियों द्वारा जगह जगह शोभायात्रा में शामिल धर्मप्रेमियों को शीतल पेय, केले व प्रसाद वितरित कर स्वागत किया गया।

कई जगह पर शोभायात्रा का जोश के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, पंडित लाल चंद शर्मा, ब्राह्मण समाज महासंघ के पदाधिकारी, संयोजक मंडल, के अलावा पंडित सुभाष चंद जोशी, पंडित उदय शंकर भट्ट, शोभायात्रा संयोजक पंडित पवन कुमार शास्त्री, ई. ओम प्रकाश वशिष्ठ, राजन शर्मा, आचार्य भरत राम तिवाड़ी, अरविंद शर्मा, गौरव बख्शी, ब्रज मोहन शर्मा, पत्रकार डा. वी डी शर्मा, एस पी पाठक, प्रमोद मेहता, शशि शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, राजेश शर्मा, राकेश पंडित, पार्षद, रमा गौड़, डा. जे जे शर्मा, प्रमोद शर्मा, संदीप शर्मा, विजेंद्र तिवारी, अशोक रामपाल, रमेश प्रसाद उनियाल आदि शामिल थे।

## एक नजर

### कृषक महोत्सव 24 अप्रैल से 3 मई तक

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : राज्य मिलेट मिशन के तहत 24 अप्रैल से 3 मई तक कृषक महोत्सव (खरीफ) का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी देते हुए कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने बताया कि 24 अप्रैल को प्रातः 11.00 बजे जिला पंचायत सभागार गोपेश्वर से कृषक रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। 25 अप्रैल से 3 मई तक जनपद की प्रत्येक न्याय पंचायत पर कृषक महोत्सव रथ पहुंचेंगे और गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव में सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों का लाभ सीधे कृषकों तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का स्थलीय समाधान करने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर निर्धारित रोस्टर के अनुसार उद्यान, कृषि, पशुपालन, रेशम, मत्स्य, ग्राम्य विकास, दुग्ध एवं डेरी, ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप), सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की ओर से स्टॉल आदि के माध्यम से कृषकों व जन सामान्य को लाभान्वित किया जायेगा। महोत्सव के सफल आयोजन हेतु कृषि अधिकारी ने समस्त जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, कृषकों, जनसामान्य एवं मीडिया के बन्धुओं को सादर आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी आयोजन स्थलों पर पहुंचकर अपना अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें।

### ऑपरेशन थिएटर के उपकरणों को कीटाणुरहित करने की तकनीक बताई

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में केंद्रीय स्टेराइल आपूर्ति विभाग ने कार्यशाला आयोजित की। जिसमें नर्सिंग ऑफिसर्स व तकनीशियनों को ऑपरेशन थिएटर में काम आने वाले उपकरणों को कीटाणुरहित करने की तकनीकी जानकारी दी गई। शुक्रवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सीएसएसडी विभाग तकनीकी की दृष्टि से हॉस्पिटल का महत्वपूर्ण अंग है। चिकित्सा अधीक्षक प्रो.संजीव मित्तल और डॉक्टर अंशुमान दरबारी ने भी कई अहम जानकारियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

## चमोली जिले में समर्थ गांव योजना शुरू, अप्रैल 2024 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : चमोली जनपद को शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 'समर्थ गांव योजना' शुरू की गई है। जिसके तहत प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्रों में निरक्षर लोगों को 'ज्ञान मित्रों' के माध्यम से अप्रैल 2024 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक ब्लाक में ज्ञान मित्रों को प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्ति किए गए है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अजीज फाउडेशन द्वारा समर्थ गांव योजना हेतु तैयार किए गए प्रौढ़ शिक्षा मॉड्यूल का विमोचन भी किया।समर्थ गांव योजना के उदेश्य को साकार करने हेतु शुक्रवार को अटल उत्कृष्ट राइका गोपेश्वर में कार्यशाला आयोजित कर मास्टर ट्रेनरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए समर्थ गांव की परिकल्पना को साकार करने के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक विकास के लिए समर्थ गांव योजना शुरू की गई है। जिसमें प्रत्येक निरक्षर व्यक्ति पढ़ना और गणना सीख कर साक्षर बन सके। ताकि वह अपने अधिकारों, सरकार से मिलने वाले लाभ व स्वयं के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के प्रति अधिक जागरूकता से कार्य कर सके। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ गांव योजना एक समयबद्ध योजना है। जनपद की शत प्रतिशत साक्षरता के लिए इस योजना को एक जन आंदोलन बनाकर कार्य किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि समर्थ गांव योजना जनपद को शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने हेतु समर्पित है। यह एक सहभागी एवं स्वयंसेवी योजना है। उन्होंने कहा कि योजना में ज्ञान मित्र के रूप में कार्य करने वाली आंगनबाडी कार्यकत्री, सहायिका, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं से जुड़े व्यक्ति एवं सुधीजन पूरी लगन एवं प्रयास से योजना को सफल बनाने में सहयोग करें। निरक्षर व्यक्तियों की सुविधा के अनुसार उनके प्रवेश में ही घुल मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में उनको साक्षर बनाया जाए। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने समर्थ गांव योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साक्षरता दर के हिसाब से जनपद चमोली उत्तराखंड राज्य में तीसरे स्थान पर है। जनपद की कुल साक्षरता दर 82.85 प्रतिशत है जिसमें पुरूष साक्षरता 94.35 तथा महिला साक्षरता 73.20 प्रतिशत है। पुरूष और महिला साक्षरता दर में 21 प्रतिशत का अंतर है। इस गैप को दूर करने के साथ ही जिले को शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने के लिए जिलाधिकारी के प्रयासों से समर्थ गांव योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि बीएलओ एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से प्रत्येक गांव में सर्वे कर ऐसे लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। साथ ही ज्ञान मित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रत्येक ब्लाक में मास्टर ट्रेनर रहेंगे। अजीज फाउडेशन द्वारा प्रौढ़ शिक्षा मॉडयूल तैयार किया गया है। जिला एवं ब्लाक स्तर पर कोर कमेटी के माध्यम से साक्षरता कार्यक्रम का नियमित अंतराल पर पर्यवेक्षण भी किया जाएगा। कार्यशाल में मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, सीडीपीओ सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारी, मास्टर ट्रेनर के नियुक्त शिक्षक आदि उपस्थित थे।

## वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट बरसात से पहले क्षतिग्रस्त, गुणवत्ता पर सवाल खड़े

विकासनगर। नगर पालिका की ओर से शहर में वर्षा जल संग्रहण के लिए जमीन के अंदर बनाए जा रहे वाटर टैंक की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग गए हैं। बरसात शुरु होने से पहले ही टैंक क्षतिग्रस्त होने शुरू हो गए हैं। पालिका कार्यालय से पचास मीटर की दूरी पर एक माह पूर्व बनाया गया टैंक और उसके लिए बनाए गए सोखपिट धंस गए हैं। नगर पालिका प्रशासन की ओर से पिछले माह नगर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के उपाय करने शुरू किए गए। इसके लिए छह जगहों पर बोरिंग कर वाटर टैंक लगाए गए। ढालदार जगहों पर लगाए इन वाटर टैंकों के पानी को शुद्ध बनाए रखने के लिए सोखपिट और जालियां लगाईं गईं। इसका मकसद भू–गर्भ जल का स्तर बढ़ाना और जल भराव की समस्या से निजात दिलाना है। एक जगह पर की गई बोरिंग और वाटर टैंक बनाने पर पांच लाख की लागत लगी। हैरानी की बात है कि पांच लाख की लागत से तैयार किए गए वाटर टैंक में पानी की पांच बूंद भी नहीं गई और उससे पहले ही क्षतिग्रस्त हो गया।

बरसात से पहले दो दिन की बारिश में पांच लाख की लागत से वर्षा जल संग्रहण के लिए किए गए उपाय ध्वस्त होने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

### देश में चिकित्सकों की कमी पर जताई चिंता

विकासनगर। राजकीय महाविद्यालय सुद्धोवाला में जी–20 विषय पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के तहत शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को जी–20 सम्मेलन, इस समूह में शामिल देशों की राजनैतिक, भौगोलिक, एतिहासिक जानकारी मुहैया कराई गई। निबंध प्रतियोगिता में मानसी उनियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया। ह्यभारत में स्वास्थ्य सुविधाएं चुनौतियां एवं अवसर विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने दमदार विचार रखे। मानसी उनियाल और टीना ने आयुष्मान कार्ड को वर्तमान समय के लिए सबसे अच्छी योजना बताया। अदिति सैनी ने कोविड संक्रमण काल में नि:शुल्क टीकाकरण के लिए सरकार की प्रशंसा की। अवंतिका पुंडीर ने भारत की बढ़ती जनसंख्या को स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती बताया।

## कांग्रेस का लोनिवि और विधायक के खिलाफ प्रदर्शन



ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ हल्ला बोला है। वे एम्स मार्ग पर दुबारा से कार्य किए जाने से नाराज हैं। उन्होंने अधिकारियों और स्थानीय विधायक पर जनता के पैसे का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता एम्स ऋषिकेश के समीप एकत्रित हुए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व ऋषिकेश विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि एम्स को जाने वाली रोड पर पुनः लोनिवि द्वारा पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है जबकि यह पहले ही पूरी तरह ठीक थी। दूसरी ओर ऋषिकेश शहर की सड़कें बहुत खराब हैं और हर वार्ड–वार्ड में सड़कों का बुरा हाल है। इस जी 20 के पैसे की इन क्षेत्रों में जरूरत थी और यहीं पर लगाया जाना चाहिए था। लेकिन सरकार और अधिकारियों को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। जहां पर इन्हें काम करने में आसानी होती है, वही यह काम करते हैं। यह जनता के पैसे का दुरूपयोग है।

महिला नगर अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री चारधाम यात्रा का शुभारंभ कर रहे हैं और वहीं दूसरी चारधाम के मुख्य द्वार ऋषिकेश में सड़कों के बुरे हाल हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से जी 20 के नाम पर जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई की बंदरबांट कर रहे हैं। कांग्रेस नेता दीपक जाटव ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय विधायक व अधिकारी पैसे का दुरूपयोग कर रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र, राकेश सिंह, सचिव विमला रावत, पार्षद शकुंतला शर्मा, पार्षद भगवान सिंह पंवार, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजलपाल रावत, पार्षद विजयलक्ष्मी शर्मा, प्रदेश महासचिव अभिनव मलिक, युंका विधानसभा अध्यक्ष गौरव राणा, जितेन्द्र पाल पाठी, किशोर गौड़, कमलेश शर्मा, अजय शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, ऋषभ राणा, मनोज गुसाईं, प्रदीप चंद्रा, कमलेश शर्मा, चंद्रकांता जोशी, अशोक शर्मा, हिमांशु कश्यप, प्रवीण जाटव, उमा ओबरॉय, मनीष जाटव,त्रिलोकी नाथ तिवारी, ऋषि सिंघल, राहुल रावत, अंकुश मौर्य, चन्द्रकान्ता जोशी, सावित्री देवी, आदि शामिल रहे।

## बदरी–केदार के जयकारों से गूंजी ऋषिनगरी

ऋषिकेश। ऋषिकेश पहुंचे यात्रियों में चारधाम यात्रा को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला। बस में सवार होते ही पूरा परिसर बदरी–केदार के जयकारों से गूंजता रहा। यात्रियों की सुविधा को संयुक्त यात्रा अड्डा में व्यवस्थाएं जुटाई गई थी। लेकिन शुक्रवार सुबह तेज आंधी के चलते टैंट उखड़ने से दिक्कत आई। यात्रियों को यात्रा शुभारंभ होने पर धूप में बैठना पड़ा। जिससे कई यात्री चक्कर खाकर गिर पड़े। पंजीकरण केंद्र में बने सभी एक दर्जन काउंटरों पर शुक्रवार को सुबह से ही पंजीकरण कराने के लिए लाइन लगी। दूसरे दिन करीब एक हजार यात्रियों ने शाम 5 बजे तक पंजीकरण करवाया। शनिवार के लिए 52 बसों की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। करीब दो हजार से अधिक यात्री शनिवार को दिनभर चारधाम के लिए रवाना होंगे। शुक्रवार को यात्रियों को गढ़ सेवा संस्थान ने फल एवं पेय पदार्थ वितरित किए। लेकिन टैंट उखड़ने से उन्हें दिक्कत आई। जिस पर अपर आयुक्त गढ़वाल नरेन्द्र सिंह स्थानीय स्तर पर व्यवस्था बनाते दिखे। उन्होंने शनिवार को परिसर में टैंट लगाने के निर्देश दिए हैं। ताकि धूप के चलते यात्रियों को परेशानी न उठानी पड़े। नये यात्रा अडडा निर्माण कार्य अधूरा होने के चलते फिलहाल पुराने अड्डा से ही यात्रा संचालित हो रही है।

गढ़वाल अपर आयुक्त के मुताबिक दो सप्ताह के अंदर नए अड्डा के सभी काम पूरे हो जाएंगे। यहां यात्रियों के लिए सभी सुविधाएं जुटाई गई है। चारधाम यात्रा को राजस्थान से आए सूमेरू का कहना है कि वह पहली बार चारधाम यात्रा को आए हैं।

### एक मई को दसऊ के नव निर्मित मंदिर में विराजमान होंगे चालदा महाराज

विकासनगर। छत्रधारी चालदा महासू महाराज के दसऊ आगमन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गांव में महाराज के लिए भव्य मंदिर का निर्माण कर कलश स्थापना की जा चुकी है। नए मंदिर में एक मई को चालदा महाराज विराजमान होंगे। एक साल से समाल्टा मंदिर में विराजमान छत्रधारी चालदा महाराज 29 अप्रैल को दसऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

दो रात्रि नराया में विश्राम करने के बाद एक मई को दसऊ के नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इन दिनों महाराज के आगमन को लेकर गांव में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जौनसार बावर में महासू देवता को ईष्ट देवता के तौर पर पूजा जाता है।

## अलविदा जुमा की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

विकासनगर। रमजान के आखिरी जुमे पर पछुवादून की मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। अलग–अलग मस्जिदों में अकीदतमंदों ने रमजानुल मुबारक के अंतिम जुमे पर नमाज अदा कर मुल्क में अमन–चैन, शांति, भाईचारे और तरक्की के साथ खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

अलविदा की नमाज का उत्साह लोगों में सुबह से ही रहा। दोपहर से ही विभिन्न मस्जिदों में रोजेदार नमाज के लिए एकत्र होने लगे। नगर की जामा मस्जिद में शहर के अलग अलग आवासीय बस्तियों से आए रोजेदारों ने नमाज अदा की। जीवनगढ़ मस्जिद में अकीदतमंदों को मौलाना मौ. अमजद ने कहा कि हदीस शरीफ (मोहम्मद के शब्द) में बताया गया है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम अलैहिस्सलाम को जन्नत से दुनिया में भेजा गया था और जुमे को ही उन्होंने जन्नत में वापसी की थी।

जुमे की नमाज अदा करने से पिछले पापों से मुक्ति मिलती है। एक जुमे की नमाज अदा करने से 40 नमाज अदा करना का सवाब मिलता है। पछुवादून की सभी मस्जिदों में अमन चैन की दुआ के लिए हजारों हाथ एक साथ उठे।

### मुल्क ही सलामती के लिए नन्हें हाथ भी उठे

पछुवादून की मस्जिदों में नौनिहालों ने भी जुमे की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की और सलामती की दुआ मांगते हुए रमजान को अलविदा कहा। इस दौरान नौनिहालों ने हमजोलियों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। अलविदा की नमाज के बाद अपने परिजनों के साथ बच्चों ने खरीददारी भी की।

## निगम कर्मियों पर लगाया अभद्रता का आरोप, की शिकायत

**कोटद्वार** : गोखले मार्ग के एक व्यापारी ने नगर निगम के कर्मचारियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। व्यापारी ने इस संबंध में नगर आयुक्त को भी पत्र दिया है। कहा कि उक्त कर्मचारी उनके घर की सीढ़ी में बैठकर शराब पी रहे थे। गोखले मार्ग निवासी तुषार गोयल ने घटना के संबंध में नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को शिकायत पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि गोखले मार्ग में उनकी पूजन सामग्री की दुकान है। गुरुवार शाम करीब आठ बजे उनकी दुकान में काम करने वाले लड़के ने बताया कि कुछ व्यक्ति घर की सीढ़ी पर बैठकर शराब पी रहे हैं। बताया कि जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर व्यक्तियों को घर की सीढ़ी से हटने को कहा तो वह खुद को नगर निगम का कर्मचारी बताते हुए गाली-गलौच करने लगे। बताया कि शराब के नशे में धुत उक्त व्यक्ति उनसे घर के दस्तावेज मांगने लगे। वहीं, नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि मामला गंभीर है। घटना के संबंध में एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। लेकिन, वीडियो में व्यक्तियों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी।

# पदमपुर में पेयजल संकट, भीषण गर्मी में पानी को तरसे लोग

### नलकूप खराब होने से क्षेत्र में बनी है पेयजल समस्या

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 20 व 21 में पिछले दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। वार्डवासियों को पानी के लिए भीषण गर्मी में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान क्षेत्र में पेयजल टेंक भेजने को तैयार नहीं है। आक्रोशित वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घराट स्थित नलकूप से वार्ड के करीब एक हजार परिवारों को पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले दो दिन से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। वार्डवासी सुषमा कंडवाल, आशुतोष बौंठियाल ने



कोटद्वार के पदमपुर क्षेत्र में पानी के इंतजार में नल के समीप रखे गए बर्तन

बताया कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में जल संस्थान का नलकूप जवाब देने लगता है। ऐसे में वार्डवासियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। बताया कि नलकूप में लगी मोटर वर्षों पुरानी है। जिससे वह हर दूसरे दिन खराब हो जाती है। पुरानी मोटर को बदलकर नई मोटर लगवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधि व जल संस्थान को पत्र दे चुके हैं। लेकिन, हालात जस के तस बने हुए हैं। जल संस्थान क्षेत्र में पेयजल टैंकर भी नहीं भेज रहा। ऐसे में वार्डवासियों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि वार्डवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वन कर्मियों को बताए आग पर काबू पाने के तरीके

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : अग्निशमन विभाग की ओर से डेमो के माध्यम से वन कर्मियों को आग पर काबू पाने के तरीके बताए गए। इस दौरान वन कर्मियों व दमकल कर्मियों ने जंगलों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दमकल कर्मियों ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग स्थित जंगल में आग लगाकर डेमो के माध्यम से उस पर काबू पाने के तरीके बताए। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के सीजन में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती हैं।

ऐसे में वन विभाग व दमकल विभाग को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर लोगों को आग लगने के प्रति जागरूक करना चाहिए। कोटद्वार रेंज के रेंजर अजय ध्यानी ने कहा कि जंगल में आग लगने से पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान पहुंचता है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कार्य करना होगा। इसके उपरांत दमकल विभाग ने विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को आग व आपदाओं के प्रति जागरूक किया। कहा कि हमें जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। जागरूकता ही आपदा से बचाव का तरीका है।



कोटद्वार में वन कर्मियों को आग पर काबू पाने के तरीके सिखाते दमकल कर्मी

# चिल्लरखाल-लालढांग बैरियर पर वाहनों से न लिया जाएं शुल्क



देहरादून में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते पार्षद सौरभ नौटियाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पार्षद सौरभ नौडियाल ने चिल्लरखाल-लालढांग मार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहनों से बैरियर पर शुल्क न लेने की मांग की है। कहा कि उक्त मार्ग से कोटद्वार क्षेत्र के अधिकांश लोग आवाजाही करते हैं।

सौरभ नौडियाल ने देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें समस्या के बारे में बताया। चिल्लरखाल-लालढांग बैरियर में वन विभाग की ओर से वाहनों से शुल्क वसूला जाता है। पूर्व में यहां पर शुल्क लेना माफ कर दिया गया था। लेकिन, एक बार यह फिर शुरू हो गया है। ऐसे में कोटद्वार से हरिद्वार जाने व आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालत यह है कि चार पहिया वाहन का शुल्क दो सौ रुपये तक वसूला जाता है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए बैरियर में वाहनों से शुल्क लेना बंद किया जाना चाहिए।

## महाविद्यालय का शौचालय ध्वस्त, स्टाफ और कंप्यूटर कक्ष खतरे की जद में

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली में थाने और डिग्री कॉलेज के बीच गदेरे पर निर्माणाधीन टैक्सी पार्किंग के निर्माण कार्य के चलते बीते गुरुवार देर रात महाविद्यालय सतपुली का शौचालय पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया। जबकि स्टाफ कक्ष और कंप्यूटर कक्ष भी खतरे की जद में आ गया है। शौचालय ध्वस्त होन से छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय सतपुली के छात्रसंघ यूआर अभिषेक के नेतृव में छात्र-छात्राओं ने ध्वस्त शौचालय के कारण हो रही परेशानी को लेकर प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सहित उपजिलाधिकारी सतपुली को ज्ञापन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय कुमार ने बताया कि टैक्सी पार्किंग निर्माण कार्य में गहरी खुदाई एवं सुरक्षा दीवार न बनाए जाने के कारण महाविद्यालय परिसर में निर्मित शौचालय पूर्णता ध्वस्त हो गया। जिससे अध्ययनरत 332 छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही महाविद्यालय का स्टाफ कक्ष, कंप्यूटर कक्ष भी खतरे की जद में है। शुक्रवार को एसडीएम सतपुली के माध्यम से जिलाधिकारी पौड़ी व निदेशक उच्च शिक्षा को पत्र प्रेषित किया गया है। एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि इस संबंध में कार्यदाई संस्था को शौचालय के मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं ।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों का जागरूक होना जरूरी

### द्वारीखाल विकासखंड में कुकरेती भ्रातृ मंडल की ओर से आयोजत की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : द्वारीखाल विकासखंड में कुकरेती भ्रातृ मंडल की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्रामीणों को जंगल को आग से बचाने के तरीके बताए गए। कहा कि जंगलों की सुरक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

शुक्रवार को द्वारीखाल मुख्यालय में आयोजित गोष्ठी के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा थे। ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बिना पर्यावरण धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अग्निशमन अधिकारी सुरेशचन्द्र ने आग लगने पर आग बुझाने के बारे में जानकारी दी। कहा कि कहीं भी आग लगने पर टोल फ्री नम्बर 101 व 112 पर सूचना दें। उन्होंने ग्रामीणों को आग के साथ ही अन्य आपदाओं के बारे में भी जानकारी दी। कनिष्क हॉस्पिटल से धीरज मेडिकल स्टॉफ द्वारा आग से जल जाने पर तुरंत मरीज को हॉस्पिटल ले जाना चाहिए इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कुकरेती भ्रातृ मण्डल के संरक्षक कर्नल (रि0) राकेश कुकरेती (ग्वील), खण्ड विकास अधिकारी जयकृत सिह बिष्ट, आरपी कुकरेती , शिव प्रसाद कुकरेती, सुन्दर श्याम कुकरेती, विजेन्द्र कुकरेती, राकेश कुकरेती, रविन्द्र रावत, जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन सिंह, विक्रम बिष्ट, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन नेगी, प्रभाकर डोबरियाल, रविन्द्र डोबरियाल, रवि भानू, सुनीता देवी व राइका द्वारीखाल के छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



द्वारीखाल में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा व अन्य

# कोटद्वार को जल्द मिलेगी केंद्रीय विद्यालय की सौगात : तीरथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गढ़वाल सांसद और प्रदेश के पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत ने कहा कि कोटद्वार वासियों को जल्द केन्द्रीय विद्यालय की सौगात मिलेगी। कहा कि प्रस्तावित बाईपास को भी वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

### गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने की पत्रकारों से वार्ता



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ।

शुक्रवार को लोनिवि गेस्ट हाउस में पत्रकारों से रूबरू होते हुए सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि वे बाघ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके आये हैं। बताया कि ग्रामीणों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो इसके निर्देश डीएम पौड़ी को दिए गए हैं। सांसद रावत ने कहा कि कोटद्वार गढ़वाल का प्रवेश द्वार है और इसका विकास होना बेहद जरुरी है।

इस दिशा में आगे बढ़ते हुए कण्वाश्रम को पर्यटन के क्षेत्र में नई दिशा देने का काम सरकार कर रही है। बताया कि कोटद्वार से रात्रि रेल सेवा शुरू कराने का भरसक प्रयास किया जा रहा है और जल्द इसमें सफलता भी मिल जाएगी। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, विजय लखेड़ा, उमेश त्रिपाठी, विनोद, आशु सतीजा आदि मौजूद रहे।

# सांसद तीरथ ने पूरी सकतर्कता बरतने को कहा

### सांसद तीरथ रावत पहुंचे बाघ प्रभावित डल्ला गांव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने रिखणीखाल विकासखंड के डल्ला गांव का भ्रमण किया। उन्होंने पशुपालकों को चारा वितरित किया। सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं जैसे गांव तक सड़क, सोलर लाइट, लैंटाना उन्मूलन, मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मोबाइल टावर, राशन वितरण जैसी गंभीर समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों एवं जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को निर्देशित किया। सांसद ने फारेस्ट अफसरों से भी आवश्यक जानकारी जुटाई और ग्रामीणों से पूरी सकतर्कता बरतने को कहा। सांसद ने कहा कि यहां पूरा स्टाफ तैनात है सुरक्षा को लेकर सभी कदम उठाएं गए है।

सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने शुक्रवार को बाघ प्रभावित गांव डल्ला का दौरा किया और प्रभावित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। सांसद गढ़वाल ने डल्ला पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों से भी बातचीत की। बताया गया कि सुबह भी बाघ यहां दिखाई दिया। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि जब यहां बिजली चली जाती है तब रोशनी को लेकर परेशनी होती है। जिस पर सांसद ने जिलाधिकारी पौड़ी को आस-पास के कम से कम 8 से लेकर 10 गांवों में सोलर लाइट लगाने को कहा। ग्रामीणों ने यहां सड़क बनाने की मांग भी रखी। जिस पर जिलाधिकारी को इस बाबत कदम उठाने के लिए कहा गया। सांसद तीरथ सिंह रावत ने बताया कि डल्ला में प्रभावित परिवार से मुलाकात की गई। बताया कि यहां फारेस्ट के साथ ही पीआडी और होमागार्ड भी तैनात है। ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर व्यापक कदम उठाएं गए है। फारेस्ट विभाग के कर्मचारी बाघ को ट्रैंक्यूलाइज करने के प्रयास कर रहे हैं। यहां गांव के घर भी दूर-दूर बने हैं। ऐसे में ग्रामीणों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि यह पहली घटना है जबकि बाघ ने हमला कर जान ली हो। रिखणीखाल के डल्ला के बाद बाघ ने नैनीडांडा के भैडगांव में हमला किया था। जिसके कारण इस समूचे क्षेत्र में बाघ की दहशत बनी है। ग्रामीण चाहते है कि जल्द ही बाघ पकड़ लिया जाए।



सांसद तीरथ सिंह रावत डल्ला गांव में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए।

पशुपालन विभाग के रिखणीखाल के क्षेत्र प्रसार अधिकारी हर्ष मोहन सिंह नेगी ने बताया कि घटना के बाद दूसरी बार मवेशियों के लिए विभाग द्वारा चारे की व्यवस्था की गई है और जिन गांवों के पशुपालक छूट गए हैं उन्हें जल्द ही चयनित कर चारा उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र सिंह नेगी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख यशोदा नेगी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री दिनेश रावत, जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत, ग्रामीण लक्ष्मण सिंह नेगी, अनिल सिंह नेगी, दर्शन सिंह, वीरेंद्र सिंह, वीरा देवी, लक्ष्मी देवी, शकुंतला देवी,विद्या देवी आदि ने बफर जोन में शामिल सभी गांवों में सोलर लाइट लगाने, घेर बाढ़ कराने, राशन उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगों को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जंगह बहादुर, उमेश त्रिपाठी, गोविंद सिंह, यतेंद्र नवानी सहित सांसद के निजी सचिव विजय सती भी मौजूद रहे।

# निबंध में अनुष्का, पोस्टर में अमन ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में जी-20 के आयोजन के तहत प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश इष्टवाल की अध्यक्षता में निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. ऐश्वर्या राणा के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध प्रतियोगिताओं में अनुष्का बिष्ट बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, श्वेता रावत बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान एवं शिवानी नेगी बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में अमन कुमार बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, गौतम सिंह बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान, अनुष्का बिष्ट बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# निराशाजनक है जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड विकास समिति के सदस्यों ने नगर निगम व विधायक के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। कहा कि विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों ने केवल जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।

जौनपुर स्थित कार्यालय में समिति अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आम जनता की भावनाओं के विपरीत थोपा गया। नगर निगम कोटद्वार विधानसभा की समस्याओं का निदान नहीं कर पाया है। निगम के अधिकारियों की कार्यशैली से क्षेत्रीय व्यापारी व आम जन भी परेशान हैं। वार्डों में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। निगम की बोर्ड बैठक केवल आपसी खींचातानी में ही खत्म होती है। वहीं, क्षेत्रीय विधायक भी जनसमस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। मेडिकल कालेज सहित अन्य विकास के दावे अब भी अधर में लटके हुए हैं। दुर्गापुरी में महिलाओं के विरोध के बाद भी जबरन शराब की दुकान खोल दी गई है।

वक्ताओं ने विधायक से अपने कार्यालय में बैठने के समय से भी जनता को अवगत करवाने की मांग की है। कहा कि इससे जनता उनसे मिलकर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करवा सकती है।

इस मौके पर समिति के सचिव विपुल उनियाल, सुरेंद्र रावत, राम सिंह कठैत, एससी परंदियाल, दुर्गा प्रसाद, सुषमा देवी आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने पर लगाया पांच हजार का जुर्माना



अल्मोड़ा : अल्मोड़ा के धारानौला में शुक्रवार सुबह सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री के कारण लंबा जाम लगा रहा। जाम में फंसे लोगों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पालिका टीम ने सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने वाले पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया। लोगों से सड़क किनारे निर्माण सामग्री नहीं रखने की भी अपील की गई है।

दरअसल, अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में सड़क काफी कम चौड़ी है। ऐसे में इन सड़कों के किनारे लोग निर्माण साम्रगी रख देते हैं। जिससे सड़क और सिकुड़ जाती है। जबकि कई बार जाम की स्थिति भी पैदा होती है। वहीं इन दिनों अब पर्यटन सीजन बढ़ने से वाहनों का दबाव भी बढ़ गया है। ऐसे में जाम लगने की आशंका अधिक बढ़ गई है। बावजूद इसके लोग सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखना नहीं छोड़ रहे हैं। शुक्रवार को भी धारानौला में उद्योग विभाग के नीचे सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखे जाने से लंबा जाम लग गया था। पालिका ने संबंधित व्यक्ति का पांच हजार रुपये का चालान काटा। सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम के निर्देश पर लोनिवि और पालिका की संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम पूर्व में ही नगर का सर्वे और मुनादी करवा चुकी है। बावजूद इसके सड़कों से निर्माण सामग्री कम नहीं हो रही है। इसी को देखते हुए टीम ने अब सख्ती शुरू कर दी है। ईओ भरत त्रिपाठी ने बताया कि सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखने वाले व्यक्ति का शुक्रवार को पांच हजार रुपये चालान काटते हुए नोटिस भेजा गया है। (एजेंसी)

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने की नगर पालिका और जिले की मांग

अल्मोड़ा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने रानीखेत पहुंचे सांसद अजय टम्टा एवं विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल से मुलाकात कर रानीखेत छावनी के सिविल एरिया को रानीखेत-चिलियानौला नगर पालिका में शामिल करने तथा रानीखेत को जिले का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। मांगों से संबंधित ज्ञापन उन्हें सौंप। भाजपा कार्यकर्ताओं के शिष्टमंडल ने सांसद टम्टा और विधायक डॉ. नैनवाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि रानीखेत छावनी की नागरिक आबादी को नगर पालिका में समायोजित करने के उद्देश्य से कांग्रेस शासन में चिलियानौला नगर पालिका परिषद का गठन किया गया था। जिसमें रानीखेत कैंट की सिविल एरिया को शामिल किया जाना है।

इसके लिए राज्य के नगर विकास सचिव सुब्रत विश्वास 2005 में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र लिख चुके हैं। जबकि इसी क्रम में 2010 में मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडेय तथा 2019 में नगर विकास सचिव शैलेश बगौली ने भी रक्षा मंत्रालय को पत्र भेजा था। 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा। शिष्टमंडल ने सांसद और विधायक से छावनी के नागरिक क्षेत्र को नगर पालिका में शामिल करने का प्रस्ताव राज्य कैबिनेट से पास कराने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मोहन नेगी, संजय पंत, नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट, पूर्व दर्जाधारी नरेंद्र रौतेला, भाजयुमो जिला महामंत्री मनीष भैसोड़ा शामिल रहे। (एजेंसी)

# क्षमता विकास कार्यशाला 26 से, ग्राम प्रधान लेगें भाग

अल्मोड़ा : ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित कूड़ा निस्तारण और सिंगल यूज प्लास्टिक के संग्रहण को जनपद में ब्लॉक स्तर पर एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ 26 अप्रैल को होगा। प्रशिक्षण शिविर में ग्राम प्रधान भाग लेंगे। प्रशासन ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है।

जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम वंदना ने बताया कि हवालबाग ब्लॉक में नोडल अधिकारी सीडीओ होंगे। 26 अप्रैल को कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में होगा। इसके अलावा 27 को लमगड़ा, 28 को भिकियासैंण, दो मई को भैसियाछाना, तीन मई को द्वाराहाट, चार मई को ताकुला विकासखंड के तहसील सभागार, आठ मई को ताड़ीखेत, नौ मई को धौलादेवी, 10 मई को सल्ट, 11 मई को स्याल्दे, 12 मई को चौखुटिया ब्लॉक के सभागार में कार्यशाला का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के प्रथम सत्र में सोर्स सेग्रीमेशन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एक्ट में दिये गये प्राविधानों की जानकारी दी जायेगी। द्वितीय सत्र में कूड़ा निस्तारण कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में कूड़ा एकत्रित करने के लिए वाहन मोटर मार्गवार रूट चार्ट की जानकारी प्रधानों के साथ साझा की जाएगी। प्रधानों की सहमति के बाद ही अंतिम रूप से रूट चार्ट निर्गत किया जाएगा। (एजेंसी)

### पिथौरागढ़ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू

पिथौरागढ़ : मानस कॉलेज ऑफ साइंस टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट कॉलेज में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ हुआ। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन के अवसर पर वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी नई अवधारणा प्रारम्भ होने पर बधाई दी । कहा कि मानस कॉलेज का यह प्रयास यहां के युवाओं को रोजगार देने एवं पलायन को रोकने हेतु मील का पत्थर साबित होगा। (एजेंसी)

# उत्तराखंड के सारे दिग्गजों की उड़ गई ट्विटर ब्लयू टिक

देहरादून। ट्विटर की ब्ल्यू टिक पॉलिसी में बदलाव लागू होते ही उत्तराखंड के तमाम वीआईपी एक झटके में इस डिजिटल प्लेटफार्म पर खास से आम हो गए। ट्विटर ने शुक्रवार से उत्तराखंड के राज्यपाल, सीएम, पूर्व सीएम सहित तमाम दिग्गज नेताओं का ब्ल्यू टिक स्टेट्स वापस ले लिया है। इससे पहले उत्तराखंड के तमाम वीआईपी ब्ल्यू टिक वाला वैरिफाइड एकाउंट चला रहे थे। लेकिन शुक्रवार सुबह ज्यादातर के एकाउंट से ब्ल्यू टिक गायब नजर आई। इसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह, सीएम पुष्कर सिंह धामी, पूर्व सीएम हरीश रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह के अधिकारिक ट्विटर हैंडल शामिल हैं। इसी के साथ भाजपा उत्तराखंड के ऑफिशियल पेज से भी ब्ल्यू टिक हट गया है। इधर, ब्ल्यू टिक हटने पर लोग सोशल मीडिया पर खूब ट्प्पिणियां कर रहे हैं। एक यूजर ने लिया है कि अब सरकार को ब्ल्यू टिक खरीदने के लिए लोगों को लोन देना चाहिए। एक ने लिखा है कि सारे वीआईपी भी हमारी तरह गरीब निकले।

**कांग्रेस अध्यक्ष का ब्ल्यू टिक बरकरार**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा उन गिने चुने नेताओं में शामिल हैं, जिनका ब्ल्यू टिक अब भी बरकरार है। माहरा के मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने इसी महीने ब्ल्यू टिक सब्सक्रिशन ले लिया था। उन्होंने इसे कार्यकर्ताओं और जनता तक अपनी बात रखने का बेहतर माध्यम बताया है।

### स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाए नगर निगम

देहरादून। नगर निगम के पार्षदों ने नगर आयुक्त से वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने और खाली पोलों के लिए नई लाइटें उपलब्ध करवाने की मांग की है। पार्षद स्वाति डोभाल ने कहा कि लाइटें ठीक नहीं हो पाने से जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सीएम धामी से मिले कर्मचारी

देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की सीएम पुष्कर धामी से मुलाकात हुई। सीएम धामी ने आश्वासन दिया की सरकार पूरी तरह कर्मचारियों के साथ खड़ी है।

केंद्र सरकार के स्तर पर कमेटी का गठन कर दिया गया है। शुक्रवार को सीएम आवास में हुई बैठक में मोर्चा प्रतिनिधिमंडल ने पुरानी पेंशन बहाली को दबाव बनाया। कहा की देश में कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाली का लाभ कर्मचारियों को दिया जा चुका है। इसी तर्ज पर राज्य सरकार भी अपने स्तर पर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाली का लाभ सुनिश्चित करा सकती है।

# सीएम धामी ने सुनी मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में जन ससमयाओं को सुना। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, जमीन से संबंधित एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी समस्याएं लोगों द्वारा रखी गई है, उनका शीघ्र समाधान किया जायेगा। अधिकांश जन समस्याओं एवं शिकायतों का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आज जो भी जन शिकायतें एवं समस्याओं के लिए पत्र प्राप्त हुए हैं उनको समाधान के लिए शीघ्र संबंधित अधिकारियों को भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी समस्याओं एवं शिकायतों पर हुई कार्यवाही का वे स्वयं भी फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से लोगों के कार्यों को अटकाया जा रहा है या विलंब किया जा रहा है, उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में दो घंटे जन समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये गये हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने दुकान से पकड़ी चरस

पिथौरागढ़ : सीमांत में खाद्य सामाग्री के साथ ही दुकानों से चरस जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है। बलुवाकोट में पुलिस और एसओजी की टीम ने एक दुकान से भारी मात्रा में चरस पकड़ी है। बताया जा रहा है कि आरोपी दुकानदार दुकान से ही चरस बेचा करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी हुई है। शुक्रवार को मूखबिर की सूचना पर बलुवाकोट थानाध्यक्ष संजीव कुमार और एसओजी प्रभारी हेम चंद्र तिवारी के नेतृत्व में बेनिया गांव के समीप स्थित एक दुकान में छापेमारी की। जांच के दौरान दुकान से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उक्त दुकानदार नैन सिंह के खिलाफ भादवि की धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। एसपी लोकेश्वर सिंह का कहना है कि सीमांत को ड्रग फ्री बनाने को आगे भी अभियान जारी रहेगा। टीम में हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, अशोक सिंह बुदियाल, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सुयाल, चालक जगत सिंह अधिकारी शामिल रहे। (एजेंसी)

### लोगों के लिए जाम बना मुसीबत

पिथौरागढ़ : नगर में जाम लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। आए दिन लग रहे जाम से लोगों को जूझन पड़ रहा है। बावजूद प्रशासन कोई पहल नहीं कर रहा। शुक्रवार को नगर के मुख्य बाजार में जाम लग गया। इससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। करीब एक घंटे तक मार्ग में जाम लगा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया तब कहीं लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना कि बाजार में रोजाना ही जाम लग रहा है। इससे यात्रियों के साथ ही राहगीरों को भी दिक्कत उठानी पड़ रही है। उन्होंने पुलिस से जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। (एजेंसी)

### डीएम ने किया निर्माणाधीन साइंस पार्क का निरीक्षण

अल्मोड़ा : स्यालीधार के पास निर्माणाधीन साइंस पार्क का शुक्रवार को डीएम वंदना ने स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने साइंक पार्क के निर्माण को लेकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की।

उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग के तहत टैंक अनिवार्य रूप से बनाया जाए। साथ ही उन्होंने कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार से जो धनराशि स्वीकृत हुई है, इसके सभी कार्य समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि साइंस पार्क का संचालन करने के लिए सभी प्रक्रियाएं जल्द पूर्ण की जाय। यूपीसीएल एवं जल संस्थान के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि बिजली-पानी के संयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाय। यहां परियोजना प्रबंधक ब्रिडकुल आकाश दीप भट्ट समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

### आंदोलन जारी रखने का लिया निर्णय

रानीखेत : छावनी के सिविल इलाके को चिलियानौला-रानीखेत नगर पालिका में शामिल करने की मांग को लेकर रानीखेत विकास संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को 36वें दिन भी जारी रहा। समिति ने धरने का समय बदलते हुए अब प्रतिदिन दोपहर 12 से एक बजे निर्धारित किया है। शुक्रवार को विभिन्न संगठनों के लोग व्यापारी और नागरिक धरने में डटे और जोरदार नारेबाजी कर आवाज बुलंद की। छावनी परिषद से छुटकारा मिलने तक हर हाल में आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। (एजेंसी)

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली

अल्मोड़ा : राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान में जी-20 व समाजशास्त्र विभाग की ओर से अंतरर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। वहीं मिट्टी बचाओ विषय पर डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें मिट्टी को स्वस्थ रखने व पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. रूपा यादव, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. केतकी तारा, रोहित, अंजू, नेहा, बरखा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की सामान्य निकाय की बैठक



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की सामान्य निकाय की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड भूस्खलन की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण इस भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र की महत्ता बहुत अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यूएलएमएमसी को इस स्तर का केंद्र बनाना है कि यह केंद्र सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि देश व विश्व के लिए कार्य करे। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रथम चरण में यह केंद्र प्रदेश में जहां से भी भूस्खलन और भू–धंसाव की शिकायतें आ रही हैं, उन क्षेत्रों में जाकर अध्ययन शुरू करे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों को इन क्षेत्रों में शोध कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे अध्ययन कार्यों में आसपास के इंजीनियरिंग संस्थानों के छात्रों को भी शामिल किया जाए, इससे छात्र इस क्षेत्र में प्रयोगात्मक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

# उत्तराखंड की नई फिल्म नीति जल्द होगी लागू, ड्राफ्ट तैयार: तिवारी

देहरादून। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड की नई फिल्म नीति जल्द लागू होगी। इसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। शुक्रवार को महानिदेशालय में गढ़वाली फिल्म पधानी जी के प्रोमो लांच करते हुए सूचना महानिदेशक एवं उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने गढ़वाली फिल्म पधानी जी के प्रोमो लांच किया। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का उद्देश्य उत्तराखंड को देश–दुनिया के सामने एक बेस्ट फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। राज्य सरकार का पूरा प्रयास है कि फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के लिए सभी आधारभूत अवस्थापना सुविधाएं विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में सरकार ने कदम बढ़ाते हुए ने दो महत्वपूर्ण नीतियां लाई है, जिनमें सेवा सेक्टर नीति के तहत फिल्म उद्योग में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं सेवाओं को शामिल किया गया है, जबकि औद्योगिक नीति के तहत फिल्म सिटी अथवा अन्य प्रकार के उद्योग आधारित कार्यों को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में राज्य सरकार शीघ्र ही नई फिल्म नीति लागू करने जा रही है, जिसका ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। तिवारी ने कहा कि नई नीति में क्षेत्रीय सिनेमा को प्रोत्साहित करने, गढ़वाली, कुमाऊंनी फिल्मों को मिलने वाले अनुदान राशि में बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। कहा कि राज्य की क्षेत्रीय बोली/भाषा की फिल्मों के प्रोत्साहन के प्रति राज्य सरकार हर संभव कदम उठा रही है।

# उत्कृष्ट शोध हेतु "गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड" से 6 शोधार्थियों को राज्यपाल ने किया सम्मानित






देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 शोधार्थियों गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत 49 मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गयी। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रदेशभर की 23 सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गयी।

गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड के अन्तर्गत उत्कृष्ट शोध करने वाले विभिन्न संस्थानों के 6 शोधार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसके तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार डॉ0 अचलेश देवरे सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय, द्वितीय पुरस्कार डॉ0 अनिल कुमार, सहायक प्राध्यापक यूपीईएस एवं तृतीय पुरस्कार डॉ0 सुरेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक दून विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया। इसके अलावा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान में प्रथम पुरस्कार डॉ0 श्वेता सूरी, जी.बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि पंतनगर, द्वितीय पुरस्कार डॉ0 ऐश्वर्य प्रताप, दून वि.वि एवं तृतीय पुरस्कार डॉ0 राशि मिश्रा सहायक प्राध्यापक दून विवि को प्रदान किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) की विशेष पहल पर वर्ष 2022 में शुरू किए गए "पथ प्रदर्शक" कार्यक्रम के अन्तर्गत पथ प्रदर्शक–2023 में 49 मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र सरकार के राजकीय संस्थानों में अध्ययनरत 11 विद्यार्थियों, राज्य सरकार के संस्थानों में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 31 विद्यार्थियों एवं विभिन्न संस्थाओं में पढ़ने वाले 07 अनाथ मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। पथ प्रदर्शक–2023 कार्यक्रम में कुल 49 मेधावी विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा कुल 20 लाख 25 हजार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। इसी कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा प्रदेश भर के 23 सामाजिक संस्थाओं को सामाजिक कार्य एवं शैक्षणिक उन्नयन हेतु 16 लाख 32 हजार 197 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान राज्यपाल ने उत्तरकाशी जनपद में मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में अभिनव कार्य करने वाली सु दीपिका कैंतुरा को 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी रिसर्च स्कॉलर्स एवं मेधावी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय ज्ञान, विज्ञान एवं अनुसंधान का है। ज्ञान, विज्ञान के बल पर जीवन को सरल और सुगम बनाने के साथ ही विकास और उन्नति को हासिल किया जा सकता है। भारत आज अपने प्रतिभावान शोधार्थियों एवं वैज्ञानिकों के बूते विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। भारत देश आज विश्व शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है, जिसमें हमारे शोध एवं अनुसंधान का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और इस अमृतकाल में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारे युवाओं के कंधों पर है। राज्यपाल ने कहा कि आज की हमारी उपलब्धियां हमारे युवाओं के असीमित उत्साह, ऊँचे हौसलों और दृढ़ संकल्प के बल पर ही हासिल हो रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि मेधावी छात्र अपने अंदर नेतृत्व की भावना पैदा करें एवं अपने प्रयासों से राष्ट्र व समाज के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने कार्यक्रम में मौजूद मेधावी छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें अध्ययन के दौरान कभी भी अन्य शैक्षणिक संसाधनों की आवश्यकता होगी तो उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को उनकी निःस्वार्थ भाव से की जा रही सेवा और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने सभी सामाजिक संस्थाओं से अपेक्षा की है कि भविष्य में वे और व्यापक स्तर पर सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन ने 'गवर्नर्स रिसर्च अवॉर्ड', "पथ प्रदर्शक" छात्रवृत्ति एवं 'सामाजिक संस्थाओं' को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान, जी बी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि के कुलपति प्रो0 मनमोहन सिंह चौहान, दून वि.वि की कुलपति प्रो0 सुरेखा डंगवाल, पूर्व कुलपति देव सुमन वि.वि प्रो0 पी.पी.ध्यानी, उप सचिव एन. के. पोखरियाल, अनुसचिव गजेन्द्र नौटियाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# संगीत का मानव जीवन में अहम स्थान : रूपमाला

### समूहगान प्रतियोगिता में सेंट जोसेप कान्वेंट ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : हेड हेरिटेज एकेडमी कोटद्वार के तत्वावधान में रविन्द्रनाथ टैगोर मेमोरियल समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सेंट जोसेप कान्वेंट कोटद्वार ने प्रथम, डीपीएस बिजनौर ने द्वितीय एवं हैप्पी होम स्कूल कोटद्वार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि कर्नल जयदेव सिंह भंडारी (सेवानिवृत्त), विशिष्ट अतिथि श्रीमती शशि भंडारी ने दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार, सेंट जोसेप कान्वेंट कोटद्वार, हैप्पी होम स्कूल कोटद्वार, जीआईसी कुंभीचौड़, डीपीएस बिजनौर, क्रिस्ट जयंती स्कूल नजीबाबाद के प्रतिभागियों ने भाग लिया।



हेड हेरिटेज एकेडमी कोटद्वार में मुख्य अतिथि विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए।

प्रत्येक टीम ने दो श्रेणियों में समूहगान प्रस्तुत किये।

प्रथम श्रेणी में देव भक्ति/देश भक्ति पर आधारित समूहगान एवं दूसरी श्रेणी में टीमों द्वारा चयनित समूहगान प्रस्तुत किया गया। हेड हेरिटेज एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, रविंद्रनाथ संगीत पर आधारित कई समूहगान प्रस्तुत किये गये। हेड हेरिटेज एकेडमी की प्रधानाचार्य डॉ. रूपमाला सिंह ने कहा कि संगीत का मानव जीवन में अहम स्थान है।

यह हमारे साथ जन्म से लेकर मृत्यु तक रहता है। यह मानव जगत को ईश्वर का एक अनुपम दैवीय वरदान है। यदि हम ध्यान दें तो हमारे चारों ओर संगीत है, सिर्फ इसे महसूस करने की आवश्यकता है। संगीत की तीनों धाराएं (गायन, वादन व नृत्य) न केवल स्वर, ताल और लय की साधना है, बल्कि एक यौगिक किया है। इससे शरीर, मन और प्राण तीनों में शुद्धता और चैतन्यता आती है। प्रधानाचार्य ने रविन्द्रनाथ टैगोर के जीवन के बारे में भी जानकारी दी।

## पेंटिंग में रितिका, रिचा, राहुल ने मारी बाजी

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में पृथ्वी दिवस को लेकर जी-20 के आयोजन के तहत जलवायु परिवर्तन के आयाम एवं परिणाम विषय को लेकर रैली, गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।महाविद्यालय परिसर में आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य डा. जितेंद्र नेगी ने कहा कि आज पर्यावरणीय आंदोलन की जरूरत है। इस वर्ष की थीम पृथ्वी ग्रह में निवेश व्यक्तियों, समुदायों, सरकारों और व्यवसायों को प्राथमिकता देने, वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह की रक्षा और सरंक्षण की दिशा में कार्यवाही करने का आह्वान करती है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पैठाणी बाजार में रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा संदेश भी दिया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रितिका ने पहला, रिचा और राहुल को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान मिला। इस मौके पर डा. गोपेश सिंह, राम सिंह, डा. राजीव दुबे, डा. लक्ष्मी नौटियाल, डा. मनोज सिंह, डा. अखिलेश सिंह, डा. दुर्गेश नंदिनी, राज कुमार पाल, वीरेंद्र चंद आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने बाघ को नरभक्षी घोषित करने की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नैनीडांडा और रिखणीखाल तहसील क्षेत्र के बाघ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने शुक्रवार को हल्दूखाल में बैठक कर बाघ को नरभक्षी घोषित कर उसे मारने के आदेश देने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि बाघ के आंतक से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कहा कि जल्द ही बाघ के आंतक से निजात नहीं दिलाई गई तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होगें।

हल्दूखाल में शुक्रवार को बैठक में वक्ताओं ने बाघ के न पकड़े जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान न हुआ तो क्षेत्र के लोग उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें मांग की गई कि बाघ को शीघ्र नरभक्षी घोषित कर उसे मारने के आदेश दिए जाएं। साथ ही मनरेगा व अन्य योजनाओं के माध्यम से ब्लाक के सभी गांवों में झाड़ी कटान का काम हो। गांव-गांव में फैल चुकी झाड़ियों के कारण जंगली जानवरों की आवाजाही आबादी क्षेत्र में हो रही है। कहा कि गांवों में तारबाड़ की योजना अमल में लाई जाए। क्षतिग्रस्त हो चुकी तारबाड़ को भी ठीक किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि कार्बेट पार्क हमारे क्षेत्र के लिए अभिशाप बन गया है। आए दिन बाघ से लेकर गुलदार आदि के हमलों में ग्रामीणों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। क्षेत्र के लोगों को कार्बेट पार्क से कोई फायदा नहीं मिलता। मैदावन क्षेत्र से पर्यटन गतिविधियों को शुरू किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिल सकें।

## युवाओं को बूथ स्तर पर जोड़ने पर दिया जोर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : युवा कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर को मजबूत करने व कार्ड कैपिंग को लेकर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने पर जोर दिया गया गया।शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर व प्रदेश प्रभारी अभव्या चौहान ने युवाओं को बूथ स्तर पर जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने पोस्ट कार्ड कैम्पिंग को लेकर जागरूक करने को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आज युवा बेरोजगार हो चुका है और युवाओं को छलने का काम प्रदेश की सरकार ने किया है। कहा कि लगातार भर्ती घोटाले सामने आ रहे है। बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह, जिला अध्यक्ष कांग्रेस विनोद नेगी, महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत, विधानसभा अध्यक्ष आयुष भण्डारी, विधानसभा उपाध्यक्ष संजना गुजराल, सचिव मुकुल पंवार, पूनम, आलिया, पारस रावत, गोपाल नेगी, नगर अध्यक्ष कांग्रेस भरत सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाम पते के साथ ही जारी होगी नियुक्ति लिस्ट

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 17 अप्रैल को जारी कर्मशाला अनुदेश के रिजल्ट पर बेरोजगारों ने सवालों को साफ तौर पर नकार दिया है। आयोग ने चयनितों के नाम, पते सार्वजनिक करने के सवाल पर कहा है कि नियुक्ति के लिए की जाने वाली संस्तुति पूरे विवरण के साथ सार्वजनिक की जाएगी। बेरोजगार महासंघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कर्मशाला अनुदेश रिजल्ट पर सवाल उठाते हुए कहा था कि आंसर की में कुछ सवाल ऐसे हैं, जिनके दो – दो उत्तर को मान्य किया गया है। इससे मैरिट पर व्यापक असर पड़ा है। उन्होंने चयिनतों के नाम और पते भी सार्वजनिक नहीं करने पर सवाल उठाया था। इस पर आयोग के अध्यक्ष जीएस मतीलिया ने कहा कि पूर्व में जारी आंसर की पर प्राप्त दावे आपत्तियों पर सुनवाई और एक्सपर्ट राय के बाद ही फाइनल आंसर की और मैरिट लिस्ट जारी की गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि एक सवाल के दोनों उत्तर को एक्सपर्ट ने सही करार दिया है। इसलिए इस प्रश्न पर दोनों विकल्प में से किसी एक को चुनने वाले को अंक दिए गए हैं। उन्होंने अन्य किसी भी गड़बड़ी से साफ इंकार किया है। युवाओं की एक अन्य की मांग पर मतीलिया ने कहा अभी नियुक्ति प्रक्रिया चल ही रही है, इसलिए नियुक्ति की जब अंतिम संस्तुति की जाएगी तो चयनित अभ्यर्थियों का नाम, पता सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि युवाओं को किसी तरह का संदेह न रहे।

## खबऊ में नव निर्मित बहुउद्येश्यीय भवन का लोकापर्ण

विकासनगर। ग्राम पंचायत खबऊमें मनरेगा योजना के तहत बनाए गए चकराता ब्लॉक के पहले बहुउद्देश्यीय भवन का लोकार्पण शुक्रवार को किया गया। लोकापर्ण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रही जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अन्य ग्राम पंचायतों को भी इससे सीख लेनी चाहिए। लोकार्पण के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान ने कहा कि जौनसार बावर में इससे पहले किसी भी ग्राम सभा मे चार हजार वर्ग फिट का बहुउद्देश्यीय भवन नहीं बना है। लेकिन ग्राम प्रधान सुचिता चौहान ने गांव में यह भवन बनाकर मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा की प्रधान ने बताया कि गांव में कई बार शादी समारोह और अन्य कई सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान बारिश हो जाती थी, जिससे पूरा कार्यक्रम खराब हो जाता था। इसी परेशानी को देखते हुए उनके दिमाग मे यह भवन बनाने का विचार आया और पूरे गांव की मेहनत से आज भवन तैयार है। कहा कि पूरी ग्रामसभा को इसका लाभ मिलेगा।

## 7.20 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार



**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने 7.20 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अजीत डबराल ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस शिवपुर रेशम फार्म क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि तलाशी के दौरान युवक की जेब से स्मैक बरामद हुई। बताया कि आरोपित ने स्वयं को शिवपुर निवासी गजेंद्र सिंह बताया।

# गेहूं की क्रॉप कटिंग का डीएम ने लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : रबी की फसल में गेहूं की क्रॉप कटिंग का जायजा लेने के लिए डीएम डॉ. आशीष चौहान शुक्रवार को भ्रमण पर निकले। डीएम ने पौड़ी तहसील के ग्राम पंचायत डूंगरी पहुंचकर क्रॉप हकीकत जांची।


जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने शुक्रवार को जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े संकलन को लेकर तहसील पौड़ी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डूंगरी में गेहूं की फसल पर की जा रही क्रॉप कटिंग का जायजा लिया। डीएम के गांव पहुंचने से ग्रामीण प्रसन्न दिखें। राजस्व विभाग ने डूंगरी गांव के कृषक ध्रुव सिंह के गेहूं के खेत में 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से क्रॉप कटिंग का प्रयोग किया। जिसमें 8 किलो 550 ग्राम गेहूं की फसल प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा, रजिस्टर आदि भू-अभिलेखों की जांच करते हुए किसानों से बोये गए गेहूं के बीज के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं, जिससे जिले में हो रहे उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जाती है। कहा कि क्राप कटिंग के प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति और फसल बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इस दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को गांव की समस्याओं के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया। ग्रामीणों द्वारा बताई गई पानी की समस्या पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को पंपिंग योजना की जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर ग्राम सहायक भूलेख अधिकारी पूरन प्रकाश रावत, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी रविन्द्र चौहान, राजस्व उपनिरीक्षक कैलाश रवि व महावीर सिंह चौहान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान महिला से गेहूं की फसल के बारे में जानकारी लेते हुए।







## सम्पादकीय

# भक्तिमय देवभूमि में स्वागत

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारों धाम यात्रा का आगाज हो गया है। यमुनोत्री एवं गंगोत्री के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा अपने स्वरूप में नजर आने लगेगी। 25 अप्रैल को केदारनाथ एवं 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा मार्ग पूरी तरह से भक्तिमय नजर आएगा। राज्य सरकार तमाम तैयारियों के साथ सफल यात्रा के आयोजन के लिए मैदान में उतरी है तो वही पुलिस एवं संबंधित दूसरे विभागों ने भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि यात्रा शुरू होने के साथ–साथ सामने आने वाली खामियों को दूर करने की भी प्रक्रिया चलती रहेगी ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानियां ना उठानी पड़े। यात्रा से पूर्व यात्रा मार्ग के जनपदों में प्रशासन ने व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर सफल यात्रा के लिए सहयोग मांगा है। यात्रा की शुरुआत में पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी जिसका व्यापारियों एवं संत पुरोहितों द्वारा विरोध भी किया गया था और कहीं ना कहीं सरकार भी इस मुद्दे पर बैकफुट पर आई है। चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या प्रत्येक धाम में प्रतिदिन के लिए सीमित रखने के संबंध में पूर्व में लिये गये निर्णय को वापस लेना इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि यात्राकाल में रजिस्ट्रीकरण की ऑनलाइन और ऑफ लाइन प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पूरी यात्रा के आयोजन को लेकर स्वयं इसका सुपरविजन कर रहे हैं एवं उनके द्वारा आश्वस्त किया गया है कि यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। क्योंकि पंजीकरण की व्यवस्था को वैकल्पिक रखा गया है अतः यह निश्चित है कि एकाएक अब यात्रियों की संख्या में भी वृद्धि नजर आएगी जिसे देखते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय स्तर पर आवश्यकता के अनुसार व्यवस्था की जाएगी। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा प्रदेश की अर्थव्यवस्था एवं स्थानीय बाजार के विकास में भी एक अहम भूमिका निभाती है। लाखों लोगों का रोजगार चार धाम यात्रा पर निर्भर है जिसका सुचारू एवं सफलता के साथ संपन्न होना जरूरी है। जहां एक तरफ राज्य सरकार एवं प्रशासन अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं वही श्रद्धालुओं से भी या आशा जरूर रखनी चाहिए कि वह सफल एवं सुव्यवस्थित यात्रा के लिए अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से पालन करें। देवभूमि की गरिमा एवं मर्यादा को बनाए रखना यात्रियों का कर्तव्य है एवं ऐसा कोई आचरण ना करें जिससे यात्रा के दौरान उन्हें वैधानिक कार्रवाई का सामना करना पड़े।

# मन की बात: जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण

न्यायमूर्ति के. जी. बालकृष्णन

**प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को लगातार परिवर्तन के एजेंट बनने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। 'मन की बातझ स्टार्ट–अप इंडिया अभियान को बढ़ावा देने, भारत में युवाओं के बीच नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार मंच रहा है। हमारे देश में डिजिटल क्रांति सबसे बड़े पैमाने पर इसी माध्यम से लोकप्रिय हुई है। मन की बात देश में सर्वांगीण विकास को लोकप्रिय बनाने का एक बड़ा माध्यम रहा है। 'मन की बातझ हमारे नागरिकों के जीवन को बदलने और एक विकसित राष्ट्र के व्यापक लक्ष्य में योगदान करने के लिए उन्हें एकजुट करने का एक और साधन है।**

**प्रधानमंत्री मानते हैं कि हमारी कला, साहित्य और संस्कृति एक नए भारत की संरचना के स्तंभ हैं। उन्होंने न केवल 'मन की बातझ के माध्यम से हमारे समाज की सामूहिक संपत्ति के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए यह जिम्मेदारी ली है, बल्कि कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के हमारे स्तंभों को पुनः प्राप्त करने और पुनर्निर्माण के लिए कई पहल की हैं।**




भारत ने 15 अगस्त, 2022 को अपनी आजादी के 75 साल पूरे किए। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे राष्ट्र और इसकी समृद्ध सभ्यता को इसके अमृत काल के लिए दृष्टि दी – अगले 25 साल तक विक्रम संवत 2104 (ग्रेगोरियन वर्ष 2047) में अपनी अनमोल स्वतंत्रता की शताब्दी, जो हमारे प्यारे देश भारत के लिए अनंत संभावनाओं और परिवर्तन का काल है। मोदी ने हमारे सभी नागरिकों के लिए वास्तविक रुप से इस उल्लेखनीय पथ को आगे बढ़ाने में अपनी दृष्टि और परिश्रम से हमारे देश के लिए विकास और उपलब्धियों के एक नए युग की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री की एक पहल, उनका कार्यक्रम 'मन की बातझ है, जो हमारे देश के उत्थान और बेहतर शासन के लिए की गई कई उत्कृष्ट पहलों में से एक है। 'मन की बातझ एक अनूठा रेडियो कार्यक्रम है, जिसे विक्रम संवत 2071 (ग्रेगोरियन वर्ष 2014) में शुरू किया गया था, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने न केवल उन नागरिकों के साथ सीधा संपर्क स्थापित किया है, जिन तक पहुंचना सबसे कठिन है, बल्कि हमारे देश में समाज के सबसे निचले पायदान पर भी हैं।

'मन की बातझ अपने सार में अद्भुत है, क्योंकि यह श्रोता और प्रधानमंत्री के बीच सीधा संबंध बनाता है। किसी को ऐसा लगता है कि उसे बौद्धिक, आध्यात्मिक और व्यक्तिगत स्तर पर उनके शुभचिंतक और मार्गदर्शक के रूप में सीधे प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बिना किसी विफलता के राष्ट्र को संबोधित करने की इस प्रथा को स्थापित किया है। एक राष्ट्र के रूप में हमारे सामने कितनी भी चुनौती क्यों न हो, प्रधानमंत्री हमारे देश के एक नेता के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने में कभी पीछे नहीं हटे। यह परिवर्तनकारी रेडियो कार्यक्रम जो देश में कई महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक जन आंदोलनों का सूत्रधार रहा है, अक्टूबर 2014 में शुरू किया गया था और 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के मील के पत्थर तक पहुंच रहा है।

प्रधानमंत्री ने अमृत काल में पंच प्रण यानी पांच प्रतिज्ञाएं रखी हैं, जो भारत के प्रत्येक नागरिक को भविष्य के भारत की अडिग नींव रखने के लिए लेनी चाहिए। इनमें से प्रत्येक पंच प्रण प्रेरणादायक कार्रवाई और राष्ट्र निर्माण की सुविधा पर केंद्रित है। प्रण में एक विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना, अपनी विरासत का जश्न मनाना, एकता को मजबूत करना और अपने कर्तव्यों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

पिछले दशक में भारत ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प के साथ अपने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार वृद्धि दर्ज की है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि कोविड–19 महामारी की अभूतपूर्व चुनौती के दौरान, भारत अपने नागरिकों और विश्व के लाभ के लिए स्वदेशी टीकों का उत्पादन करने में सक्षम था। प्रधानमंत्री ने भारत से महामारी के दौरान मन की बात पर एक आत्मनिर्भर राष्ट्र और एक मजबूत वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने का आग्रह किया।

भारत ने अपने सभ्यतागत लक्ष्यों में उत्कृष्टता हासिल करने का संकल्प लिया है, जिसमें सामाजिक स्थिरता, आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक सुरक्षा और विकास शामिल हैं, जो इसकी जड़ों के समकालीन हैं। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बातझ कार्यक्रम के माध्यम से इस संकल्प की भावना को देश की जनता में प्रभावी ढंग से व्यक्त किया है और प्रकट किया है।

प्रधानमंत्री ने देश के नागरिकों को लगातार परिवर्तन के एजेंट बनने और राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया है। 'मन की बातझ स्टार्ट–अप इंडिया अभियान को बढ़ावा देने, भारत में युवाओं के बीच नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार मंच रहा है। हमारे देश में डिजिटल क्रांति सबसे बड़े पैमाने पर इसी माध्यम से लोकप्रिय हुई है। मन की बात देश में सर्वांगीण विकास को लोकप्रिय बनाने का एक बड़ा माध्यम रहा है। 'मन की बातझ हमारे नागरिकों के जीवन को बदलने और एक विकसित राष्ट्र के व्यापक लक्ष्य में योगदान करने के लिए उन्हें एकजुट करने का एक और साधन है।

प्रधानमंत्री मानते हैं कि हमारी कला, साहित्य और संस्कृति एक नए भारत की संरचना के स्तंभ हैं। उन्होंने न केवल 'मन की बातझ के माध्यम से हमारे समाज की सामूहिक संपत्ति के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए यह जिम्मेदारी ली है, बल्कि कला, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के हमारे स्तंभों को पुनः प्राप्त करने और पुनर्निर्माण के लिए कई पहल की हैं।

प्रधानमंत्री ने देश के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में एक वैश्विक नेता की भूमिका निभाने की राष्ट्र की क्षमता में अपना विश्वास दिखाया है। वह अपनी पहल के माध्यम से विश्व मंच पर वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को बढ़ावा देते हैं। इसने उन नागरिकों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है जो भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए गौरवान्वित और प्रेरित महसूस करते हैं।

प्रधानमंत्री ने देश को अमृत काल का आह्वान करते हुए कहा कि यह हमारी प्रतिभा, संसाधनों और शक्ति के आधार पर उपलब्धियों की यात्रा शुरू करने का सही समय है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र में सबका प्रयास के आह्वान को जोड़ा और लोगों से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की यात्रा में अपना योगदान देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने गांव और शहर के बीच के अंतर को पाटते हुए और राष्ट्र के लिए 'कम सरकार, अधिक शासनझ के मंत्र को बढ़ावा देते हुए, समृद्धि की नई ऊंचाइयों को चढने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अमृत काल का मार्ग प्रशस्त किया। यह स्थापित किया गया है कि प्रत्येक भारतीय की भागीदारी, समर्पण और प्रतिबद्धता से निस्संदेह नए भारत का उदय सुनिश्चित किया जा सकता है। और 'मन की बातझ जन–भागीदारी के माध्यम से देश की प्रगति को उजागर करते हुए इस दिशा में एक प्रेरक शक्ति बना रहेगा। इसलिए, राष्ट्र को लगातार अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के करीब लाते हुए भारत में राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को स्थायी रूप से स्थापित करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि 30 अप्रैल, 2023 को लाइव होने वाले इस प्रतिष्ठित रेडियो कार्यक्रम का शताब्दी एपिसोड क्या लेकर सामने लाता है।

# 22 साल बाद भारत में एपल दुकान!

श्रुति व्यास

18 अप्रैल को भारत ने जश्न मनाया।नौजवानों, आईटी के लोगों, अमीर और कुलीन सब मुंबई में खुले एपल के पहले स्टोर का 'अनुभवझ करने पहुंचे। उमंग, जोश से उमड़ी भीड़ में कुछनौजवान खुशी में भावविह्ल तो कई टिम कुक के साथ सेल्फी खिचवाने की हौड में। खूब वाहवाही और शोर–शराबा।

हां,भारत में एपल के पहले स्टोर की शुरूआत देश के लिए एक बड़ी घटना है, गर्व का क्षण है।

लेकिन क्या यह वाकई बड़ी घटना है? क्या वाकई देश को गौरवान्वित अनुभव करना चाहिए? क्या यह 'उपलब्धि चुनाव प्रचार में गिनवाई जाएगी? सच पूछा जाए तो इसमें गर्व करने जैसा कुछ भी नहीं है।सोचे, दुनिया में हमारा दावा है कि चीन के बाद भारत सबसे प्रमुख विकासशील देश है। परन्तु एपल भारत से पहले 25 अन्य देशों में अपने स्टोर खोल चुका है और मुंबई का स्टोर दुनिया में उसका 524वां स्टोर है।

अमेरिका में पहला स्टोर कोई 22 साल पहले और चीन में 15 साल पहले (सन् 2008 में बीजिंग में) खुला था। उसके बाद से चीन में 45 और स्टोर खुल चुके हैं। और भारत में दूसरा स्टोर आज दिल्ली में खुलने जा रहा है।

चीन एपल का सबसे वफादार और विश्वसनीय भागीदार था। एपल और चीन के दो दशक लम्बे सम्बन्ध दोनों के लिए फायदे का सौदा था। इससे दोनों की प्रगति हुई और दोनों की जेबें भरीं। एपल की आमदनी दिन दूनी–रात चौगुनी बढी, उसके शेयर की कीमत 600 गुना हो गई और कंपनी का बाजार मूल्य 2,400 अरब डालर पर जा पहुँचा। एपल चीन में स्थित अपने कारखानों से सप्लाई करता रहा है। वहा उसके 90 प्रतिशत उत्पाद बनाए जाते हैं। उसकी कमाई का चौथाई हिस्सा चीनी ग्राहकों से आता है।

टिम कुक, जो सन् 2011 में कंपनी के सीईओ बनने के पहले उसके हेड ऑफ आपरेशन्स थे, ने कंपनी में कॉन्ट्रैक्ट पर आधारित उत्पादन की शुरुआत की थी। कुक अक्सर चीन जाते थे। उन्होंने वहां की सरकार के साथ मधुर संबंध बनाए और कायम रखे।

लेकिन अब समस्या यह है कि पिछले कुछ समय से चीन एक आक्रमक और बेरहम शेर बन गया है, जिसे काबू में रखना मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए चीन से नाता तोड़कर भारत और वियतनाम से नाता जोडऩा रणनीतिक दृष्टि से एपल के लिए ज़रूरी हो गया था।



**फोक्स्कोन नामक एक ताईवानी कंपनी, जो 2017 से एपल का पुराना फ़ोन बना रही थी, को अब सबसे नए मॉडल आईफ़ोन 14 को बनाने का ठेका मिला है। एक अन्य ताईवानी कंपनी पेगाट्रोन का विशाल कारखाना भी एपल के उत्पाद बनाने की तैयारी में है। फ़िनलैंड की कंपनी सल्कोम्प भी एपल से जुडऩे जा रही है। जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के अनुसार 2025 तक एपल के 25 प्रतिशत उत्पाद चीन से बाहर बनाए जाएंगे।**

अमरीका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण भी चीन में व्यापार करना मुश्किल होता जा रहा है। इसके अलावा उत्पादन लागत कम करना भी एपल एक लक्ष्य है। पिछले एक दशक में चीन में औसत वेतन दुगना हो गया है। सन् 2020 में उत्पादन इकाईयों में काम करने वाला चीनी महीने में औसतन 530 डालर कमाता था, जो भारत या वियतनाम की तुलना में लगभग दो गुना है। इन सारे कारणों से ही कंपनी ने हाल में अपनी उत्पादन इकाईयां दक्षिण भारत और वियतनाम में लगाई है।

फोक्स्कोन नामक एक ताईवानी कंपनी, जो 2017 से एपल का पुराना फ़ोन बना रही थी, को अब सबसे नए मॉडल आईफ़ोन 14 को बनाने का ठेका मिला है। एक अन्य ताईवानी कंपनी पेगाट्रोन का विशाल कारखाना भी एपल के उत्पाद बनाने की तैयारी में है। फिऩलैंड की कंपनी सल्कोम्प भी एपल से जुडऩे जा रही है। जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के अनुसार 2025 तक एपल के 25 प्रतिशत उत्पाद चीन से बाहर बनाए जाएंगे।

बेशक आप कह सकते हैं कि ये असल कारण नहीं हैं। असल में तो एपल भारत इसलिए आया है क्योंकि यहाँ व्यापार और उत्पादन करना आसान है। आखिर 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिजनेसझ इंडेक्स में भारत 2014 में 142वें स्थान से ऊपर चढ़कर 2019 में 63वें स्थान पर पहुँच गया है। परन्तु क्या सचमुच भारत में बिजनेस करना ईज़ी है? कम से कम विदेशी कंपनियों के लिए तो ऐसा कतई नहीं है। भारत में उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं होता। इसका एक उदाहरण है वोडाफ़ोन। इस कंपनी ने भारत में 20 अरब डॉलर का व्यापार किया परन्तु उससे पुरानी तारीख से भारी रकम टैक्स के रूप में मांगी गई, ऐसे नियम बनाए गए जो उसके लिए नुकसानदायक थे और हाल में स्पेक्ट्रम के नाम पर वसूली की गई। अमेजन और वालमार्ट ने भारत में 20 अरब डॉलर से भी ज्यादा निवेश किया परन्तु ई–कॉमर्स नियमों में 2019 में ऐसे संशोधन किए गए है जिससे उनके लिए स्टॉक पर अपना स्वामित्व नियंत्रण बनाए रखना मुश्किल हो गया। एक निवेश फर्म मार्सेलस के अनुसार, भारत में कॉर्पोरेट कंपनियों के कुल मुनाफे का 70 प्रतिशत शीर्ष की 20 कंपनियों के हिस्से में जाता है और इनमें से केवल एक विदेशी है। प्रधानमंत्री मोदी यद्यपि विदेशी कंपनियों के साथ व्यावसायिक रिश्ते मज़बूत बनाने की बात करते रहे हैं और यह भी कहते रहे हैं कि भारत वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनना चाहता है वहीझमेक इन इंडियाझ और 'आत्मनिर्भर भारतझ उनकी प्रिय परियोजनाएं हैं।

बहरहाल, चलिए, हम भी खुश हो लें कि एपल भारत आया तो। उसी तरह जैसे लुई विटान और शेनेल यहाँ आए थे।विदेशी सामान के स्टोर भले ही खुल गए है परन्तु यदि आपको ऐसा लगता है कि इससे भारत में आईफ़ोन सस्ते हो जाएंगे तो आप भ्रम में हैं। एपल फ़ोन को भारत में असेम्बल तो किया जायेगा परन्तु जो पुर्जे उसमें इस्तेमाल होंगे उनमें से अधिकांश यहाँ नहीं बनेंगे। इसलिए उत्पादन लगत कम नहीं होगी। पहले की तरह, आईफ़ोन एक बहुत छोटे तबके की पहुँच में ही रहेगा। संभवतः टिम कुक प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे और भारत की कुख्यात लालफीताशाही और कस्टम और वीसा से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा करेंगे। मोदीजी भले ही उन्हें कुछ भी आश्वासन दें झ या न दें झ पर यह तय है कि आपको एपल के उत्पाद दुबई या सिंगापुर से ही हासिल करने होंगें, वहा ये सस्ते मिलते है।

# सत्यपाल मलिक का धमाका



**बहरहाल, मलिक ने सबसे ज्यादा विस्फोटक बातें फरवरी 2019 में हुए पुलवामा कांड के बारे में की हैं। चूंकि मलिक उस समय जम्मू–कश्मीर के राज्यपाल थे, इसलिए उनकी बातों को कोई भी हलके से नहीं ले सकता। उनका दावा है कि यह भयानक घटना भारतीय सुरक्षा और खुफिया व्यवस्थाओं की नाकामी और सीआरपीएफ की उसके जवानों को हवाई जहाज उपलब्ध कराने की गुजारिश सरकार द्वारा ठुकरा दिए जाने के कारण हुई। जब इस पहलू की चर्चा मलिक ने प्रधानमंत्री से की, तो न सिर्फ मोदी ने, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल ने भी उनसे चुप रहने को कहा।**

प्रधानमंत्री और भाजपा का आरोपों को नजरअंदाज कर मुद्दों को भटका देने का तरीका संभवतः इस मामले में कारगर नहीं होगा। बेहतर होगा कि वह सत्यपाल मलिक के दावों का बिंदुवार जवाब सार्वजनिक रूप से दे।

जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल ने विस्फोटक खुलासे किए हैं। इससे अत्यंत गंभीर प्रश्न उठे हैं। अपेक्षित यह है कि मलिक ने जो कहा है, उन पर सरकार बिंदुवार जवाब दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का आरोपों को नजरअंदाज कर मुद्दों को भटका देने का तरीका संभवतः इस मामले में कारगर नहीं होगा। ठीक उसी तरह जैसे अडानी घोटाले में राहुल गांधी ने जो सवाल उठाए हैं, वे ऐसे तरीकों से गायब नहीं हुए हैं। बल्कि मलिक की इस टिप्पणी से कि 'प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से कोई ज्यादा नफरत नहीं हैझ अडानी से सरकार की मिलीभगत के इल्जाम अब और गंभीर दिखने लगे हैं। बहरहाल, मलिक ने सबसे ज्यादा विस्फोटक बातें फरवरी 2019 में हुए पुलवामा कांड के बारे में की हैं। चूंकि मलिक उस समय जम्मू–कश्मीर के राज्यपाल थे, इसलिए उनकी बातों को कोई भी हलके से नहीं ले सकता। उनका दावा है कि यह भयानक घटना भारतीय सुरक्षा और खुफिया व्यवस्थाओं की नाकामी और सीआरपीएफ की उसके जवानों को हवाई जहाज उपलब्ध कराने की गुजारिश सरकार द्वारा ठुकरा दिए जाने के कारण हुई। जब इस पहलू की चर्चा मलिक ने प्रधानमंत्री से की, तो न सिर्फ मोदी ने, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल ने भी उनसे चुप रहने को कहा।

अगर सरकार की तरफ से इन बातों का तथ्यपरक खंडन नहीं किया जाता है, तो लोगों के मन में कई अन्य तरह के संदेह भी घर बना लेंगे। इसके अलावा मलिक के इस दावे का अंतरराष्ट्रीय संदर्भ भी है। स्पष्ट है कि उपयुक्त खंडन के अभाव में पाकिस्तान जैसे भारत विरोधी देश इसे अपने लिए क्लीन चिट के रूप में पेश करेंगे। पुलवामा से लेकर भ्रष्टाचार और राष्ट्रपति से मुलाकातियों की सूची पीएमओ से क्लीयर होने जैसे मुद्दों तक पर सत्यपाल मलिक ने जो कहा है, उससे सीधे प्रधानमंत्री की छवि चोटिल हुई है। मलिक ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री कम जानकारी वाले व्यक्ति हैं, जो खुद में मशगूल रहते हैं। यह भी प्रधानमंत्री की आम छवि के विपरीत बात है। बेहतर होगा कि सत्ता पक्ष अपने आईटी सेल के जरिए मलिक पर हमला करने के बजाय इन प्रश्नों के दो–टूक जवाब देश के सामने रखे।

# केजरीवाल के लिए मुश्किल या मौका?

अजीत द्विवेदी

सीबीआई का शिकंजा अरविंद केजरीवाल के लिए मुश्किल की घड़ी है या उनके लिए राजनीतिक मौका है? इस सवाल को ऐसे भी पूछा जा सकता है कि शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले में सीबीआई की जांच को क्या केजरीवाल राजनीतिक अवसर में बदल सकते हैं? वे किसी भी घटना को अपने लिए अवसर बना लेने में माहिर हैं। इस मामले में उनकी योग्यता और क्षमता पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता है। लेकिन यह पहला मौका है, जब उनकी निजी और पार्टी दोनों की बुनियादी पहचान सवालों के घेरे में है। पहली बार वे ईमानदारी के सवाल पर घिरे हैं। केजरीवाल अपनी पार्टी को कट्टर ईमानदार बताते हैं लेकिन अब उस पार्टी के ऊपर शराब नीति में गड़बड़ी करके एक सौ करोड़ रुपए की रिश्वत लेने का आरोप है।इससे पहले केजरीवाल के ऊपर अराजकता के आरोप लगते रहे हैं, पंजाब में अलगाववादियों की मदद लेने का आरोप भी उनके ऊपर लगा, अन्ना हजारे और आंदोलन के दूसरे साथियों से धोखा करने का आरोप उन पर लगा, उनको अर्बन नक्सल कहा जाता रहा है, उनको 'मुफ्त की रेवड़ीझ बांट कर राजनीति करने वाला नेता भी कहा जाता है और सरकारी विज्ञापन देकर अपना प्रचार करने के आरोप भी उनके ऊपर लगते रहे हैं। यह पहली बार है, जब उनके ऊपर भ्रष्टाचार का इतना बड़ा आरोप लगा है। उनके सबसे करीबी सहयोगी मनीष सिसोदिया इस मामले में जेल में बंद हैं और अब सीबीआई ने खुद केजरीवाल को बुला कर उनसे नौ घंटे तक पूछताछ की है। आगे भी उनको पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। हालांकि वे बार बार कह रहे हैं कि पूरा केस फर्जी है और भाजपा ने सीबीआई को उनको गिरफ्तार करने का आदेश दिया हुआ है।

सो, अब यह ईमानदारी और देशभक्ति की राजनीति करने वाले दो नेताओं के बीच की निर्णायक लड़ाई बन गई है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनकी राजनीति का आधारभूत मुद्दा ईमानदारी, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व है। बिल्कुल इसी तरह के राजनीतिक एजेंडे से केजरीवाल ने उनको चुनौती दी है। केजरीवाल अपने को 'कट्टर ईमानदारझ और 'कट्टर देशभक्तझ बताते हैं। तभी अगर सीबीआई का केस बहुत मजबूत नहीं होता है और वे उसकी जांच के बाद बेदाग निकलते हैं तो यह उनकी बहुत बड़ी जीत होगी। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ चल रही विपक्षी पार्टियों की राजनीतिक और कानूनी लड़ाई का वे प्रतीक बन जाएंगे। केजरीवाल को यह कहने का मौका मिलेगा कि शराब नीति का पूरा केस फर्जी है और राजनीतिक कारणों से उनको इसमें फंसाने का प्रयास किया गया। उनका यह दावा सही साबित होगा कि सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं है। अगर वे इस मामले में बचते हैं तो पूरे देश में इसे केंद्र सरकार और भाजपा की हार और अपनी जीत के तौर पर प्रचारित करेंगे। धारणा की लड़ाई में यह उनकी और अन्य विपक्षी पार्टियों की बहुत बड़ी जीत होगी।लेकिन अगर केजरीवाल शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले में फंस जाते हैं। सीबीआई को कैसा भी सबूत मिल जाता है और सिसोदिया की तरह केजरीवाल भी जेल चले जाते हैं तो यह आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका होगा। पार्टी के विस्तार पर एक तरह से पूर्णविराम लग जाएगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि केजरीवाल की पार्टी संगठन आधारित नहीं है, बल्कि वन मैन शो की तरह है। वहां सब कुछ केजरीवाल हैं। उनकी पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह से ज्यादा लोकप्रिय उनका नाम है। अखिल भारतीय पहचान वाले जितने भी नेता आम आदमी पार्टी से जुड़े थे, केजरीवाल ने सबको पार्टी से निकाल दिया है। दूसरी लाइन के नेता उनकी पार्टी में नहीं हैं। वे अकेले नेता हैं और बाकी सारे कार्यकर्ता हैं, उनके आदेश और एजेंडे पर अमल करने वाले। पूरे देश में आम आदमी पार्टी का संगठन भी नहीं है। लोकप्रियता हासिल करने वाले एजेंडे के प्रचार की भी जो शैली केजरीवाल की है वह किसी और नेता के पास नहीं है। 'मुफ्त की रेवड़ीझ बांटने का केजरीवाल ने अपना मॉडल विकसित किया है और उस पर लोगों का भरोसा तभी बनता है, जब खुद केजरीवाल इसकी घोषणा करते हैं।

# पायलट ने महिला मित्र को दिया स्पेशल ट्रीटमेंट, कॉकपिट को बना दिया लिविंग रूम– बिस्तर भी लगवाया, अब होगी जांच



**नई दिल्ली , एजेंसी।** एयर इंडिया से अजीबोगरीब खबर सामने आई है। पायलट के खिलाफ शिकायत है कि उसने कॉकपिट में अपनी दोस्त के स्वागत के लिए खास निर्देश दिए और क्रू मेंबर के साथ नौकर जैसा व्यवहार किया। घटना 27 फरवरी को दुबई से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया फ्लाइट की है। एयर इंडिया के पायलट पर कॉकपिट में अपनी महिला दोस्त को सैर कराने की वजह से डीजीसीए में मामला दर्ज किया गया है। यह विमानन नियामक महानिदेशालय नागरिक उड्डयन सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन है जिसके तहत पायलट पर मामला किया गया है।

फ्लाइट के एक क्रू मेंबर ने शिकायत की कि पायलट ने कॉकपिट में अपनी महिला मित्र को एंट्री दी और दोनों एक घंटे से ज्यादा समय तक वहीं रहे। विमानन नियामक महानिदेशालय नागरिक उड्डयन ने मामले की जांच के आदेश दिए, और विमानन कंपनी ने पायलट को जांच तक उड़ान भरने से हटाया है। इस मामले पर एयर इंडिया एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया ने जांच के लिए एक समिति भी गठित की है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पायलट पर आरोप है कि उसने कॉकपिट को लिविंग रूम जैसा बनाकर रख दिया। वह अपनी महिला मित्र के स्वागत के लिए केबिन क्रू को पहले से निर्देश दे चुका था। पायलट पर ये भी आरोप है कि उसने अपनी मित्र को बिजनेस क्लास में खाना खिलवाया था। इस मामले में एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने अपनी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। क्रू मेंबर की शिकायत के अनुसार, पायलट ने केबिन क्रू से पूछा था कि क्या बिजनेस क्लास में खाली सीटें हैं? क्योंकि उसकी दोस्त इकोनॉमी क्लास में यात्रा कर रही थी। पायलट चाहता था कि उसे अपग्रेड किया जाए। क्रू मेंबर ने उन्हें सूचित किया कि कोई सीट खाली नहीं है, तब पायलट ने कॉकपिट में ही आरामदायक बिस्तर लगवा दिया। इसके अलावा उन्होंने वहां स्नैक्स और शराब का भी इंतजाम करने को कहा। इस पर क्रू मेंबर ने कहा कि 'मैं कॉकपिट में ये सब करने के लिए सहज नहीं हूं। इसी बात पर पायलट का रवैया क्रू मेंबर के लिए बदल गया और वह उसके साथ नौकर की तरह व्यवहार करने लगा।

## भारत की आर्थिक वृद्धि का हिस्सा बनना चाहता है अमेरिकाः अधिकारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत जितनी अधिक तरक्की करेगा, यह भारत के लिए, अमेरिका के लिए और दुनिया के लिए उतना ही बेहतर होगा। बाइडन प्रशासन में दक्षिण एशिया के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही।

वैश्विक आर्थिक मंदी के बावजूद भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक तेजी से बढ़ रहा है और इस समय 3,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था है। देश ने एक दशक में 10,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है।

दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा, हम आपकी आर्थिक वृद्धि का हिस्सा बनना चाहते हैं।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, लू लगने की वजह से हुई मौत

**मुंबई,एजेंसी ।** महाराष्ट्र के खारघर में एक पुरस्कार समारोह के दौरान जान गंवाने वाले लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनके लू की चपेट में आने के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नवी मुंबई में रविवार को आयोजित 'महाराष्ट्र भूषण' पुरस्कार समारोह के दौरान लू लगने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई थी। एक चिकित्सकीय अधिकारी ने कहा, पनवेल के उप–जिला अस्पताल में जान गंवाने वाले 14 लोगों में से 12 का पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट में उनके लू की चपेट में आने से मौत की पुष्टि हुई है।उप–जिला अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि अन्य दो लोगों का पोस्टमार्टम अन्य अस्पतालों में किया गया है। उन्होंने बताया कि जान गंवानों वालों में से दो के पहले से किसी अन्य बीमारी से पीड़ित होने की भी बात सामने आई है।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि जान गंवाने वाले 14 लोगों में से 10 महिलाएं, और चार पुरुष हैं। घटना के दिन रविवार रात तक 11 लोगों की मौत हुई थी। दो अन्य लोगों की मौत सोमवार को, जबकि एक महिला की मौत कार्यक्रम के दो दिन बाद हुई।

## पुंछ हमले के बाद एक्शन में इंडियन आर्मी

**पुंछ/जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ में सेना की गाड़ी पर आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने बाटा–डोरिया क्षेत्र के घने जंगलों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। इस आतंकी हमले में गाड़ी में सवार भारतीय सेना के 5 जवानों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी और 8 सदस्यीय फोरेंसिक टीम पुंछ रवाना हो गई है। ये टीमें दोपहर तक घटनास्थल भीमबेर गली इलाके में पहुंचेंगी और इलाके का दौरा करेंगी। अधिकारियों ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर कड़ी चौकसी के बीच सीमावर्ती जिलों राजौरी और पुंछ में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद भीमबेर गली–पुंछ मार्ग पर यातायात रोक दिया गया है और लोगों को मेंढर के रास्ते पुंछ जाने की सलाह दी गयी है।

## अतीक के हत्यारों को भाजपा समर्थक ने की मुफ्त कानूनी सहायता की पेशकश

**शाहजहांपुर एजेंसी।** शाहजहांपुर में भाजपा समर्थक ने गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की पिछले सप्ताह प्रयागराज में हत्या के आरोपियों को मुफ्त कानूनी सहायता की पेशकश की है। एक स्थानीय सामाजिक समूह हिंदुइज्म आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन चलाने वाली रागिनी सिंह ने कहा, इन लड़कों ने आतंक को खत्म करने में जबरदस्त साहस दिखाया है और हमारे समाज की मदद की है। चूंकि वे गरीब पृष्ठभूमि से हैं, इसलिए हम उन्हें अपने संगठन की ओर से हर संभव कानूनी सहायता देंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह अतीक की हत्या को सही ठहरा रही हैं, उन्होंने कहा, यह कभी भी सही दृष्टिकोण नहीं हो सकता है, लेकिन मैं उस तरह की गतिविधियों के भी खिलाफ हूं, जिसमें अतीक शामिल था।

## कश्मीर में मौसम में सुधार, बाढ़ का खतरा नहीं

**श्रीनगर एजेंसी।** तीन दिनों तक मध्यम से भारी बारिश के बाद शुक्रवार को जम्मू एवं कश्मीर में मौसम में सुधार शुरू हो गया। घाटी की सभी प्रमुख और छोटी नदियों में जल स्तर घटने लगा है। झेलम और अन्य धाराओं के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण इन जल निकायों में जल स्तर बढ़ गया था। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, मौसम में सुधार शुरू हो गया है और अगले 72 घंटों के दौरान जम्मू–कश्मीर में भारी बारिश की कोई संभावना नहीं है। मौसम में सुधार से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, जो कल ईद मनाने का इंतजार कर रहे हैं। श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान 6.2, पहलगाम में 3.5 और गुलमर्ग में माइनस 1 डिग्री सेल्सियस रहा। लद्दाख क्षेत्र में कारगिल में न्यूनतम तापमान 2.2 और लेह में माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू में 15, कटरा में 13.1, बटोटे में 6.7, बनिहाल में 5.1 और भद्रवाह में 6.1 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

## बढ़ रहा कोरोना का खतरा! आज फिर नए मामले 11 हजार के पार, 28 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में कोरोना वायरस का खतरा बढ़ता जा रहा है। देश में आज भी कोरोना के रोजाना मामलों की संख्या 11 हजार पार है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, बीते 24 घंटे में भारत में कोरोना वायरस के 11,692 नए केस मिले, जबकि एक्टिव मरीजों की संख्या 66,170 है।

# कनाडा एयरपोर्ट पर एक अरब रुपए से ज्यादा का सोना चोरी

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में टोरंटो की पुलिस पियर्सन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की बड़ी चोरी की जाँच कर रही है। इस हवाई अड्डे से अक्सर ओंटारियो प्रांत से निकाले गए सोने को बाहर भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। कनाडा के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार 17 अप्रैल को 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी एक अरब से अधिक भारतीय रुपए का सोना और क़ीमती सामान चोरी हो गए। हवाई जहाज़ के जिस कंटेनर में ये क़ीमती सोना रखा गया था।

वो शाम को हवाई अड्डे पर पहुँचा था, जिसके बाद कंटेनर को कार्गो होल्डिंग फ़ैसिलिटी में ले जाया गया था। पुलिस को लगता है कि वहीं सोने की चोरी की गई है।

कनाडा के इतिहास में ये सबसे बड़ी चोरियों में से एक हो सकती है। इनमें 2011 और 2012 में ग्रेट कैनेडियन मैपल सिरप की चोरी भी शामिल है, जब तीन हज़ार टन का सिरप एक स्टोर से चुरा लिया गया था। इसकी क़ीमत करीब 18.7 मिलियन डॉलर थी।

पील रीजनल पुलिस इंस्पेक्टर स्टीफ़ेन डुइवेस्टीन ने बताया है कि उनकी टीम सभी पहलुओं की जाँच कर रही है। उन्होंने इस घटना को 'रियर कहा है और ये भी कहा है कि इसे अलग रूप में देखने की आवश्यकता है। उन्होंने ये भी बताया कि कंटेनर का आकार क़रीब पाँच वर्ग फ़ीट था लेकिन उन्होंने ये बताने से इनकार कर दिया कि उसका वजन कितना था।

अधिकारियों ने ये भी बताने से मना कर दिया है कि किस एयरलाइन से ये कार्गो आया था, कहाँ से ये सोना आया था और इसे कहाँ जाना था। द टोरंटो सन ने ये रिपोर्ट दी थी कि पुलिस को लगता है कि संगठित आपराधिक ग्रुप इसके पीछे हैं लेकिन पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी इस पर कुछ कहना जल्दबाज़ी होगी।

## चीन ने ताइवान पर उसका विरोध करने वालों को आगाह किया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के विदेश मंत्री छिन कांग ने शुक्रवार को ताइवान को धमकी देते हुए कहा कि इस स्वशासित द्वीप पर नियंत्रण की बीजिंग की मांग के खिलाफ जाने वाले लोग आग से खेल रहे हैं।

छिन कांग ने शुक्रवार को एक भाषण के अंत में ये टिप्पणियां कीं जिसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा विकासशील देशों के हितों में चीन के योगदान की वकालत की गयी। इसमें उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव शी चिनफिंग की वैश्विक सुरक्षा पहल की बार–बार तारीफ की छिन कांग ने अपने भाषण में चीनी राजनयिकों के मुकाबले अधिक सख्त शब्दों का इस्तेमाल करते हुए ताइवान समस्या का जिक्र किया।

# राजनीतिक दलों पर रखो ध्यान नहीं तो देश लुट जाएगाःमोदी

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश भर के प्रशासनिक अधिकारियों का आह्वान किया कि वे हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं या अपने दल के विस्तार में या फिर वोट बैंक बनाने के प्रयास में वह उसे लुटा रही है।

लोक सेवा दिवस पर राजधानी में लोक सेवकों को संबोधित करते हुए मोदी ने उनसे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार देने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो देश का धन लुट जाएगा, करदाताओं के पैसे बर्बाद हो जाएंगे और युवाओं के सपने चकनाचूर हो जाएंगे। इस अवसर पर मोदी ने लोक प्रशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कामकाज के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार भी प्रदान किए। ये पुरस्कार नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से जिलों और संगठनों को असाधारण प्रयासों और नई पहलों के लिए दिये जाते हैं।अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि लोक सेवकों के छोटे से छोटे फैसलों का आधार भी देश हित होना चाहिए। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर दल की अपनी विचारधारा होती है और संविधान ने हर दल को यह अधिकार भी दिया है लेकिन एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर प्रशासनिक अधिकारियों को कुछ सवालों का अवश्य ही ध्यान रखना पड़ेगा।प्रधानमंत्री ने कहा, जो राजनीतिक दल सत्ता में आया है क्या वह करदाताओं के पैसों का इस्तेमाल अपने दल के हित के लिए कर रहा है या देश के हित के लिए कर रहा है? उसका उपयोग कहां हो रहा है ? यह आप लोगों को देखना ही होगा।उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल अपने विस्तार में सरकारी धन का उपयोग कर रहा है या देश के विकास में उन पैसों का इस्तेमाल कर रहा है, वह अपना वोट बैंक बनाने के लिए सरकारी धन लुटा रहा है या सभी का जीवन आसान बनाने के लिए काम कर रहा है? मोदी ने कहा, वह राजनीतिक दल सरकारी पैसे से अपना प्रचार कर रहा है या ईमानदारी से लोगों को जागरूक कर रहा है? वह राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं को विभिन्न संस्थाओं में नियुक्त कर रहा है या फिर सब को पारदर्शी रूप से नौकरी में आने का अवसर दे रहा है?

# मप्र में अधिकांश समूह जल योजनाएं अधूरी

**भोपाल, एजेंसी।** धीरे–धीरे तपिश बढ़ रही है, वहीं पानी के संकट की आहट भी सुनाई देने लगी है। मध्य प्रदेश के हर घर को जल मुहैया कराने की अनेक योजनाएं चल रही है, मगर अधिकांश जल समूह योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी बताती है कि राज्य में संचालित समूह जल प्रदाय योजनाओं में से प्रदेश में 26 समूह योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 20 योजनाएं पूर्णता की ओर हैं और 69 योजना के कार्य विभिन्न चरणों में हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ल ने अधिकारियों से कहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला लगातार ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण करें। विगत वर्षों के अनुभव के आधार पर ग्रामों–बसाहटों में पेयजल समस्या का आंकलन किया जाए। स्थानीय जन–प्रतिनिधियों के साथ चिन्हांकित ग्रामों–बसाहटों में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए ग्राम और बसाहटवार कार्य–योजना तैयार कर कारवाई सुनिश्चित की जाए।

प्रमुख सचिव शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हैण्डपंपों के संचालन की नियमित समीक्षा की जाए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री सुनिश्चित करें कि बंद हैण्डपंपों का सुधार कार्य 24 घंटे में पूरा किया जाए। प्रमुख सचिव ने कहा कि सी.एम हेल्पलाइन में हैण्डपंपों के संधारण कार्य तथा नल जल प्रदाय योजनाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा की जाए।

प्रमुख सचिव ने कहा कि जिलों की सभी नल जल प्रदाय योजनाएं चालू रहें। कोई भी नल–जल योजना विद्युत समस्या या विद्युत कनेक्शन के विच्छेद होने से बंद न रहें।

# बिहार में गिरते भूजल स्तर से सरकार चिंतित, होगी निगरानी

**पटना एजेंसी।** बिहार में गर्मी के मौसम में तेजी से गिरते जलस्तर को लेकर सरकार चिंतित नजर आ रही है और अब इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने अब भूजल गिरते स्तर की निगरानी और साप्ताहिक समीक्षा का निर्देश दिया है। इसके अलावा जल बचत के लिए प्रशिक्षण भी देने की कवायद चल रही है। भीषण गर्मी के कारण पिछले साल के मुकाबले इस साल राज्य के 24 जिलों में भूजल स्तर नीचे चला गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को जिलों से प्राप्त रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। 31 मार्च तक की स्थिति पर तैयार रिपोर्ट में कहा जाता है कि गर्मी के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट आई है।विभाग के मुताबिक, नालंदा जिले के बिहारशरीफ में वर्ष 2022 में मार्च के अंत में भूजल स्तर 25.6 फुट नीचे था, जो इस साल 38.7 फुट नीचे चला गया है। विभाग द्वारा राज्य के 28 जिलों की रिपोर्ट जारी की गई है, जिनमें मात्र तीन जिलों में भूजल स्तर पिछले साल की अपेक्षा ऊपर है।


इधर, सरकार अब राज्य में पानी की बचत और उसके चलिटी के लिए विभागीय स्तर पर प्रशिक्षण देने की योजना बनाई है।

बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में काम करने वाले कर्मचारी ट्रेनिंग के दौरान पानी की बचत के तरीके सीखने के साथ ही पानी की चलिटी के विषय में जानकारी लेंगे ट्रेनिंग के बाद कर्मचारी संबंधित क्षेत्र में काम करने के दौरान लोगों को पानी की बचत की जानकारी देंगे। पीएचईडी विभाग की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, पथ निर्माण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज सहित सभी विभागों समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

# विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वीरता पुरस्कार पाने वाली आईएएफ की पहली महिला अफसर बनीं

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** विंग कमांडर दीपिका मिश्रा वीरता पुरस्कार पाने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी बन गई।

वायुसेना के प्रवक्ता के अनुसार, राजस्थान निवासी दीपिका मिश्रा हेलीकॉप्टर पायलट हैं। उन्हें मध्य प्रदेश में बाढ़ राहत अभियान के दौरान अदम्य साहसिक कार्य के लिए 'वायु सेना पदक्र (वीरता) से सम्मानित किया गया।वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी ने यहां सुब्रतो पार्क में वायुसेना सभागार में आयोजित अलंकरण समारोह में कई अधिकारियों और वायु योद्धाओं को युद्ध सेवा पदक और अन्य पुरस्कार दिए।



# मन की बात के 100 एपिसोड पूरे होने पर केंद्र सरकार जारी करेगी 100 रुपये का सिक्का

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पॉपुलर रेडियो शो 'मन की बात के 100 एपिसोड पूरे होने वाले हैं। इस मौके पर सरकार 100 रुपये का सिक्का जारी करेगी। बता दें कि सिक्के पर 'मन की बात 100इ लिखा होगा । इसके अलावा, सिक्के पर माइक्रोफोन भी बना होगा और 2023 अंकित होगा। बता दें कि 100 वां एपिसोड 30 अप्रैल को प्रसारित होगा।

सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, 100 रुपये के सिक्के की गोलाई 44 मिलीमीटर की होगी। इसमें चार धातुओं इ रजत, तांबा, निकिल और जस्ता का मिश्रण होगा। इसके अलावा, इस सिक्के के अग्र भाग के मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह होगा और इसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा । साथ ही सिक्के के किनारे पर भारत और अंग्रेजी में इंडिया लिखा होगा। शीर्ष के नीचे ? चिह्न होगा तथा 100 अंकित होगा।

वहीं सिक्के के दूसरी तरफ मन की बात की 100 वां एपिसोड का प्रतीक चिह्न होगा। जिसमें ध्वनि तरंगों के साथ माइक्रोफोन भी बना होगा । माइक्रोफोन के फोटो के ऊपर और नीचे में हिंदी में क्रमशः 'मन की बात 100इ और अंग्रेजी में 'मन की बात 100इ लिखा होगा। सिक्के के वजन की बात करें तो इसका कुल वजन 35 ग्राम होगा।

प्रधानमंत्री के 'मन की बातइ के 100 एपिसोड के लिए बीजेपी ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## दक्षिण कोरिया के तट पर मछली पकड़ने वाली रूसी नाव में लगी आग, 4 लापता

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के तटीय शहर उल्सान के पास 25 लोगों को ले जा रही एक रूसी नौका में शुक्रवार को आग लग गई, जिससे चार लोग लापता हो गए। तटरक्षक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 769 टन वजनी जहाज सोल से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में उल्सान के पानी में 100 टन सीफूड लेकर रूस की ओर जा रहा था, तभी आग लग गई।

योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि चालक दल के सभी सदस्य रूसी थे।

संकट की सूचना मिलने के बाद, तटरक्षक बल ने बचाव जहाजों को घटनास्थल पर भेजा, लेकिन चालक दल के चार सदस्य लापता हो गए।अन्य 21 को बचा लिया गया, जिनमें से 19 को कोई चोट नहीं आई। दो को मामूली चोटें आई हैं।

बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए, दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने आग बुझाने के लिए एक परिवहन विमान भेजा।

नौसेना के जहाजों और एक समुद्री गश्ती विमान की सहायता से, अधिकारी चार लापता लोगों की तलाश करने और आग बुझाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

# बल्लेबाज को गुस्से से घूरते हुए दिखे जड्डू, ओवर के अंत में ऐसे लिया बदला




नई दिल्ली, आईपीएल 2023 का 29वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजरर्स हैदराबाद के बीच चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद टीम की आधी टीम रवींद्र जडेजा के सामने फ्लॉप नजर आई। इस मैच में जडेजा ने 4 ओवर में कुल 3 विकेट चटकाए और हैदराबाद के बल्लेबाजों की जमकर खबर ली। इस बीच पारी के 14वें ओवर के दौरान एक ऐसा वाक्या देखने को मिला, जिसमें रवींद्र जडेजा मयंक अग्रवाल को आउट करने के चक्कर में नॉन स्ट्राइकर बल्लेबाज हेनरिक क्लासन से टकराए और इस दौरान जडेजा रफ्ल्र के बल्लेबाज को घूरते हुए स्पॉट हुए।

ये वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से ओपनिंग करने के लिए मयंक अग्रवाल नहीं आए। उन्हें इस मैच में नंबर 6 पर बल्लेबाजी के लिए उतरा गया, लेकिन नंबर 6 पर भी मयंक का बल्ला खामोश रहा।

बता दें कि हैदराबाद की पारी के 14वें ओवर की पहली गेंद पर जडेजा से मयंक का कैच छूट गया था। जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस ओवर में जडेजा से कैच टपक गया है और जडेजा नॉन स्ट्राइकर एंड पर हेनरिक क्लासेन से टकरा गए।

इस दौरान जड्डू जमीन पर बैठ गए और क्लासन को गुस्से में घूरते हुए नजर आए। हालांकि, उन्होंने इसका बदला ओवर की पांचवीं गेंद पर मयंक को धोनी के हाथों स्टंप कराकर लिया। इस दौरान मयंक दो रन बना सके।

# एशियाई खेलों से पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एक कड़ी परीक्षा : हरमनप्रीत सिंह



बेंगलुरु ,। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि इस वर्ष एशियाई खेलों से पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टीम के लिए कड़ी परीक्षा होगी।

प्रतिष्ठित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 3 से 12 अगस्त तक होगा जबकि हांगझाऊ एशियाई खेल सितम्बर में होंगे जहाँ टीम स्वर्ण पदक जीतकर 2024 के पेरिस ओलंपिक्स के लिए सीधे चलीफाई करने की कोशिश करेगी।

कप्तान ने कहा, हममें से कईओं के लिए यह चेन्नई में पहली बार खेलना होगा। मुझे याद है कि हमारे सीनियर्स 2007 में चेन्नई में हुए एशिया कप के बारे में बात करते थे जो भारत के लिए बड़ा टूर्नामेंट था। हमने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव किया था। हरमनप्रीत ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से हमें यह आंकने का मौका मिलेगा कि हम उन टीमों के खिलाफ कहाँ खड़े हैं जिनके साथ हमें एशियाई खेलों में खेलना है। यह टीम के लिए एशियाई खेलों से पहले असली परीक्षा होगी।

उन्होंने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से हमें अपने विरोधियों को जानने का मौका मिलेगा और फिर हम एशियाई खेलों के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं जहाँ हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक्स के लिए चलीफाई करना होगा।कोरिया और मलेशिया ने भुवनेश्वर–राउरकेला में हॉकी विश्व कप में अच्छी फॉर्म दिखाई थी, हरमनप्रीत ने कहा कि प्रतियोगिता में नजदीकी मुकाबला होगा। भारत ने 2011 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण जीता था और 2016 में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। भारत 2018 में अगले संस्करण में पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता रहा था जब मस्कट में फाइनल में बारिश से बाधा पड़ी थी। 2021 में ढाका में हुए पिछले संस्करण में भारत ने कांस्य पदक जीता था।

## प्लेऑफ और फाइनल के शेड्यूल का ऐलान



नई दिल्ली, आईपीएल 2023 में अब तक कुल 28 मुकाबले खेले जा चुके हैं। हर दिन फैंस को आईपीएल में रोमांचक मुकाबलें देखने को मिल रहे है। इसी बीच बीसीसीआई ने 21 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ और फाइनल के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। बता दें कि 23 मई से लेकर 28 मई 2023 तक इस सीजन के प्लेऑफ और फाइनल मैच खेले जाएंगे, जिसके वेन्यू की बीसीसीआई ने हाल ही में घोषणा की।दरअसल, आईपीएल के 16वें सीजन को लेकर बीसीसीआई ने प्लेऑफ और फाइनल मैच के वेन्यू का ऐलान किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार यानी 21 अप्रैल को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के प्लेऑफ और फाइनल के कार्यक्रम की घोषणा की।

प्लेऑफ और फाइनल 23 मई से 28 मई 2023 तक चेन्नई और अहमदाबाद में खेला जाएगा। क्वालीफायर 1 23 मई को चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा और उसके बाद 24 मई को एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम क्रमशः 26 और 28 मई को क्वालीफायर 2 और टाटा आईपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा।


# चेपॉक स्टेडियम में एमएस धोनी ने बना दिया विश्व रिकॉर्ड



नई दिल्ली, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी (टर उँ्ल्लल) ने अपने क्रिकेट करियर में एक से बढ़कर एक स्टंप किए हैं। धोनी की स्टंपिंग देख हर कोई हैरान रह जाता है। बता दें कि माही जिस तरह से बल्लेबाजों को रन आउट और स्टंप करते है वो वाकई कमाल का होता है। इसका नजारा आईपीएल 2023 के 29वें मुकाबले में देखने को मिला। धोनी विकेटकीपिंग के दौरान विकेट के पीछे फुर्तिले अंदाज में दिखे। यही कारण है कि 'माही' को विश्व का सबसे बेतरीन विकेटकीपर माना जाता है। इस बीच धोनी ने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। बता दें कि धोनी आईपीएल इतिहास में ऐसे पहले विकेटकीपर बन गए है, जिन्होंने आईपीएल में 200 बार कमाल की स्टंपिंग, कैच और रन आउट के जरिए बल्लेबाजों को आउट किया है। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद की पारी का 14वां ओवर कमाल का रहा। इस ओवर की पहली गेंद पर हैदराबाद के बल्लेबाज मयंक अग्रवाल आउट होने से बचे। रवींद्र जडेजा इस दौरान हेनरिक क्लासन से टकरा गए और इस तरह मयंक का कैच मिस हुआ, लेकिन ओवर की पांचवीं गेंद पर रवींद्र जडेजा की गेंद पर मयंक आगे निकलकर शॉट लगाने की कोशिश की, लेकिन धोनी ने गेंद को पकड़कर उन्हें स्टंप आउट किया। मयंक को स्टंप आउट कर धोनी ने आईपीएल में इतिहास रच दिया। अपना 240वां मुकाबला खेलते हुए महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के पहले ऐसे विकेटकीपर बन गए है, जिन्होंने विकेट के पीछे से कमाल की स्टंपिंग करते हुए 200 बार बल्लेबाज को आउट किया है। इसके अलावा टी–20 क्रिकेट में धोनी सर्वाधिक कैच लपकने के मामले में भी पहले विकेटकीपर बन गए है, जिन्होंने कुल 208 बार कैच लपका है।

# फिल्मी सफर

## सोनाक्षी सिन्हा की वेब सीरीज दहाड़ की पहली झलक आई सामने, अमेजन प्राइम वीडियो पर 12 मई को होगी स्ट्रीम



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही ओटीटी की दुनिया में एंट्री करने वाली हैं। सोनाक्षी का करियर भले ही बॉलीवुड फिल्मों में कुछ खास न रहा हो लेकिन अब उन्हें ओटीटी से काफी उम्मीदे हैं। सोनाक्षी सिन्हा जल्द ही वेब सीरीज दहाड़ में नजर आने वाली हैं। इस वेब सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर और रिलीज डेट आज अनाउंस कर दिया गया है। वेब सीरीज दहाड़ में सोनाक्षी सिन्हा के साथ एक्टर विजय वर्मा भी नजर आएंगे।

दहाड़ अमेजन ओरिजनल सीरीज की क्राइम ड्रामा वेब सीरीज है। इसे एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी ने प्रोड्यूस किया है। रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय इस वेब सीरीज के डायरेक्टर हैं। इस वेब सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा और विजय वर्मा के अलावा गुलशन देवैया और सोहम शाह भी नजर आएंगे। दहाड़ को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आगामी 12 मई 2023 को स्ट्रीम किया जाएगा।

वेब सीरीज दहाड़ में सोनाक्षी सिन्हा एक दमदार महिला पुलिस अधिकारी के रोल में नजर आने वाली हैं। वह एक ऐसी पुलिस ऑफिसर बनी हैं, जो एक निर्दयी अपराधी के साथ एक भीषण हत्या के मामले को सुलझाने का प्रयास करती हैं। इस वेब सीरीज में कुल 8 एपिसोड हैं। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा के किरदार का नाम अंजलि भाटी है। वह अपनी टीम के साथ मिलकर एक छोटे से शहर के पुलिस स्टेशन को संभालती नजर आएंगी।

इस वेब सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा का सामना एक खूंखार किलर से होगा। केस तब शुरू होगा जब अचानक ही एक पब्लिक टॉयलेट में एक के बाद एक रहस्यमय मौतें होने लगती हैं। इस मामले की जांच का जिम्मा पुलिस ऑफिसर अंजलि भाटी को सौंपा जाता है। ये सभी मौतें देखने में सुसाइड जैसी लगती हैं, लेकिन जैसे–जैसे सारे मामले सामने आते रहते हैं, अंजलि को शक होने लगता है कि ये एक सीरियल किलर का काम है। इसके बाद शुरू होता है किलर को पकडने् का काम। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा पिछली बार फिल्म डबल एक्सएल में नजर आई थीं, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## राणा नायडू के सीजन 2 की तैयारी में जुटा नेटफ्लिक्स

अमेरिकी टीवी शो रे डोनोवन का रीमेक राणा नायडू के दूसरे सीजन के लिए नेटफ्लिक्स तैयारी कर रहा है। सीरीज को आगे बढ़ाने के बारे में बात करते हुए, नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहाः नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज स्लेट पिछले कुछ सालों में अलग–अलग शैलियों में कई तरह की रोमांचक कहानियों के साथ लोगों का मनोरंजन करती रही है। राणा नायडू को लोगों ने काफी पसंद किया है।थ्रिलर ने भारत और दुनिया भर में फैंस को अपनी ओर आर्कषित किया है। राणा नायडू में राणा और वेंकटेश दग्गुबती के अलावा सुरवीन चावला, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकारों की परफॉर्मेंस की सराहना की गई।नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह हाई स्टेक फैमिली ड्रामा दूसरे सीजन में ज्यादा ट्विस्ट, टर्न और धमाकेदार एक्शन के साथ वापस आएगा।

## 8 एएम मेट्रो दो अजनबियों की कहानी, 19 मई को रिलीज होने की उम्मीद



अपकमिंग फिल्म 8 एएम मेट्रो में गुलशन देवैया और सैयामी खेर लीड रोल में हैं। यह दो किरदारों की एक असामान्य कहानी है, जिन्हें नियति मिलाने का काम करती है। प्रसिद्ध गीतकार, फिल्म निर्माता और कवि गुलजार ने अपने बांद्रा स्थित घर पर लेखक–निर्देशक राज आर के पोस्टर का अनावरण किया।

अनुभवी कलाकार ने फिल्म के लिए अपनी छह कविताओं का योगदान दिया है।फिल्म, राज राचकोंडा द्वारा निर्देशित एक भावनात्मक कहानी है। इसके 19 मई को रिलीज होने की उम्मीद है।फिल्म और गुलजार के योगदान के बारे में बोलते हुए, निर्देशक ने कहा, यह दो अजनबियों की कहानी है जो अनजाने में मेट्रो में एक–दूसरे से टकराते हैं और दोस्ती हो जाती है, इस प्रक्रिया में वह खुद को और एक–दूसरे को ढूंढते हैं।

इस उदार भाव के लिए गुलजार साहब को धन्यवाद देना बेहद छोटा शब्द है।

मैं उनके प्रति कृतज्ञता की गहरी भावना महसूस करता हूं।सैयामी एक 29 वर्षीय गृहिणी इरावती की भूमिका निभा रही हैं, जिसका जिंदगी काफी उलझनें भरी है। उसे अपनी गर्भवती बहन को देखने के लिए हैदराबाद जाना पड़ता है, जो बीमार होने के चलते बिस्तर से उठ नहीं सकती।

## सारा अली खान ने पूरी की मर्डर मुबारक की शूटिंग, शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान आने वाले दिनों में एक से बढक़र एक फिल्मों में नजर आएंगी। मर्डर मुबारक उनकी आने वाली बहुचर्चित फिल्मों में शुमार हैं। सारा के प्रशंसक उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब सारा ने मर्डर मुबारक की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में सारा के साथ करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, संजय कपूर, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाडिय़ा और टिस्का चोपड़ा जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। संजय ने बुधवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर मर्डर मुबारक की टीम के



साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मर्डर मुबारक की शूटिंग पूरी हो चुकी है। शानदार टीम। धमाका। हर किसी को याद करूंगा। इसके अलावा करिश्मा ने भी अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुबारक की शूटिंग खत्म। हमने पार्टी में डिंपल और पंकज को याद किया। बहुत शानदार टीम है।

इसके अलावा सारा जरा हटके जरा बच के रोमांटिक ड्रामा फिल्म में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। वह करण जौहर की अगली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में भी नजर आएंगी, जिसमें वह 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन की पृष्ठभूमि के खिलाफ एक काल्पनिक कहानी में बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाएंगी।

## लॉकअप 2 में हुई निक्की तंबोली की एंट्री

सलमान खान के शो बिग बॉस के बाद अब दर्शकों के बीच कंगना रनौत के लॉकअप सीजन 2 की चर्चा है। हर कोई इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, तो वहीं सोशल मीडिया पर भी लॉकअप 2 से जुड़ी बड़ी–बड़ी जानकारियां सामने आ रही हैं। एकता कपूर अपने इस शो को काफी ग्रैंड बनाने की तैयारी में जुटी हुई हैं। इस वजह से इस रियलिटी शो के लिए टीवी के कई बड़े स्टार्स को अप्रोच किया गया है। लॉकअप 2 (रुशष्प्त श्वश्च 2) की टीम ने बिग बॉस के कई कंटेस्टेंट से भी बात की। वहीं, अब एकता कपूर के इस शो के लिए निक्की तंबोली (ह्द्वद्मद्बद्व ञ्ञ्डुद्वड्ढशद्यद्व) को अप्रोच किया गया है, जो बिग बॉस में धमाल मचा चुकी हैं।

दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निक्की तंबोली, एकता कपूर के रियलिटी शो



लॉकअप 2 में धुंआ उड़ा सकती हैं। निक्की तंबोली और शो के मेकर्स के बीच अभी बातचीत जारी है और अगर सब कुछ तय हो जाता है तो एक्ट्रेस इस शो में दमदार एंट्री मारेंगी। निक्की तंबोली का एकता कपूर के शो में आना टीआरपी के लिए काफी फायदेमंद होगा। बिग बॉस 14 में निक्की के बेबाक अंदाज को काफी पसंद किया गया था। लोगों की डिमांड पर निक्की शो में वापिस भी आई थीं। ऐसे में अगर वह लॉकअप में आती हैं, जो यह फैंस के लिए एक ट्रीट होगी।

बता दें कि लॉकअप का पहला सीजन एकता कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लेकर आई थीं, जिसे दर्शकों का अच्छा खासा रिस्पॉन्स मिला। इसे देखते हुए ही अब लॉकअप 2 टीवी पर ऑन एयर होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो जी टीवी पर शुरू होगा। इस शो को अपनी पहली कंफर्म कंटेस्टेंट भी मिल गई है। अर्शी खान ने खुद पैपराजी को बताया कि वह लॉकअप 2 में आने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वहीं, कृष्णा गौतम की भी मेकर्स से बातचीत जारी है।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com